तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 21.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया





नई कम्पोजिट बिल्डिंग का अधूरा लिफ्ट में सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं, हो सकता है जानलेवा।

## कुंभ के बचे 3 दिन, तब कंपनी ने दी स्पेशल फ्लाइट, आसमान छू रहा किराया

### स्पेशल तौर पर 23 फरवरी के लिए खुली बुकिंग, किराया पहुंचा 14 हजार के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलायंस एयर एयरलाइन्स कंपनी ने बिलासपुर से प्रयागराज जाने के लिए 3 दिवसीय स्पेशल फ्लाइट चलाने की घोषणा की है, लेकिन इन फ्लाइट का किराया आसमान छू रहा है।

खास बात यह है कि जब महाकुंभ 26 फरवरी को समाप्त हो रहा है, ऐसे में महज 3 दिनों के लिए ही स्पेशल फ्लाइट चलाकर कंपनी यात्रियों की जेब खाली करने में लगी है। करीब डेढ़ माह से महाकुंभ का आयोजन प्रयागराज में हो रहा है, बिलासपुर संभाग के हजारों यात्री बस, कार और ट्रेनों के साथ ही फ्लाइट से प्रयागराज पहुंच रहे हैं, लेकिन महज 3 दिनों के लिए अलायंस एयर ने स्पेशल फ्लाइट की सौगात दी है। आम आदमी को हवाई सफर का सपना दिखाकर अलायंस एयर ने लूट मचा दी है।




महीने भर से फ्लाइट की टिकटों में लूट

फ्लैक्सी किराया के नाम पर एयरलाइन्स कंपनी और बुकिंग कंपनियों ने मिलकर प्रति टिकट 30 हजार तक का किराया वसूल किया है। वहीं जिस स्पेशल फ्लाइट की घोषणा की गई है उसकी टिकट भी 14 हजार से शुरू हो रही है, फ्लाइट 23, 24 और 25 फरवरी के लिए चलाई जा रही है, वहीं 26 फरवरी के लिए फ्लाइट की बुकिंग बंद रखी गई है। ऐसे में महज 3 दिनों के लिए स्पेशल फ्लाइट की सौगात देना किसी के गले नहीं उतर रही है।

#### 3 दिनों के लिए फ्लाइट का शेड्यूल

23 फरवरी को फ्लाइट बिलासपुर से 12.15 बजे से उड़ान भरकर 13.35 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। 24 फरवरी को फ्लाइट प्रयागराज से 14.15 मिनट पर फ्लाइट 16.10 को बिलासपुर पहुंचेगी, वहीं 16.35 बजे से बिलासपुर से उड़ान भर कर 17.50 मिनट पर प्रयागराज पहुंचेगी। साथ ही 25 फरवरी को फ्लाइट सुबह 9.20 मिनट पर प्रयागराज से उड़ान भर कर 10.45 बजे को बिलासपुर लैंड होगी, वहीं11.10 को बिलासपुर से पुनः फ्लाइट प्रयागराज के लिए उड़ान भरेगी, और 12.25 को प्रयागराज पहुंचेगी।

#### बुकिंग साइट की कट रही चांदी

खास बात यह है कि महाकुंभ जाने के लिए ट्रेनों में भीड़ काफी ज्यादा हो चुकी है, ट्रेनें फुल हैं, ऐसे में यात्री फ्लाइट का सहारा ले रहे हैं लेकिन इन दिनों बुकिंग साइट चांदी काट रही है। पिछले डेढ़ माह से हर साइट पर बिलासपुर से प्रयागराज जाने के लिए फ्लाइट की टिकट 12 हजार से 24 हजार के बीच मिल रही थी, जबकि फ्लाइट की टिकट महज 32 सौ रूपए है।

### खबर संक्षेप

#### शाम होते ही छा जाता है अंधेरा

बिलासपुर। शहर का सबसे व्यस्त मार्ग लिंक रोड में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, शाम 6 बजे से 7 बजे तक रोजाना शाम में अंधेरा रहता है, इसके बाद ही निगम की स्ट्रीट लाइट जलती है। ऐसे में तिराहा के पास गर्ल्स हास्टल और वीवीआईपी निवास होने के बाद भी अंधेरे को लेकर नगर निगम प्रशासन उदासीन रवैया अपना रहा है, जबकि राह चलते लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह कमोबेश रोजाना की स्थिति है, ऐसे में निगम के अधिकारियों को किसी दुर्घटना का इंतजार है।

#### बिजली बंद से लोग हलाकान

बिलासपुर। गर्मी की दस्तक के



साथ ही बिजली विभाग भी मेंटनेंस में जुट गया है। गुरूवार को लिंकरोड सबस्टेशन के अंतर्गत कई फीडरों में रखरखाव संबंधी काम किया गया। इस दौरान गांधी चौक, कतियापारा, मन्नु चौक, नारियल कोठी फीडर को सुबह 9.30 से 11.30 तक सप्लाई बंद की गई। इस दौरान लोगों को गर्मी से हलाकान होना पड़ा।

#### मालगाड़ी का दरवाजा खुलने से लाइन पर गिरा कोयला

बिलासपुर। गुरुवार की सुबह बिलासपुर डिवीजन के बिजुरी सेक्शन में चलती मालगाड़ी के एक वैगन का गेट ओपन होने के कारण लोडेड कोयला रेल लाइन पर गिरने लगा, जिसके कारण लाइन पर ट्रेनों का आवागमन घंटों बाधित रहा। जानकारी के अनुसार मालगाड़ी संजय गांधी पावर प्लांट से अनलोड होकर डोमल हिल गई हुई थी। सुबह 9 बजे प्लेटफार्म नम्बर चार में कोयले से भरी मालगाड़ी डोमल हिल चिरमिरी से बिरसिंहपुर पाली पावर प्लांट जा रही थी। इसी समय मालगाड़ी के वैगन का एक डिब्बा अचानक ट्रैक से नीचे उतर गया और दरवाजे खुलने से करीब 60 टन से अधिक लोडेड कोयला रेलवे ट्रैक पर गिर गया, जिससे रेल यातायात घंटों प्रभावित रहा। रेल प्रशासन ने इस मामले की जांच शुरु कर दी है।

#### कुंभ स्पेशल में लगाया गया अतिरिक्त कोच

बिलासपुर। दुर्ग से टुंडला के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच की सुविधा यात्रियों के लिए दी गई है। रेलवे के अनुसार कुंभ मेला जाने वाले ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 08769/08770 दुर्ग-टुंडला और टुंडला-दुर्ग कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी थ्री कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 08769 दुर्ग-टुंडला कुंभ स्पेशल में 21 फरवरी को और गाड़ी संख्या 08770 टुंडला-दुर्ग कुंभ स्पेशल में 22 फरवरी को उपलब्ध रहेगी।

#### दो दिन रद्द रहेगी हावड़ा मुम्बई एक्सप्रेस

बिलासपुर। हावड़ा से मुम्बई के बीच चलने वाली सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने का कोई टाइम टेबल निश्चित नहीं है। चक्रधरपुर में ब्लाक और इंटरलाकिंग कार्य होने के कारण ट्रेनों की लेटलतीफी बढ़ गई है। हावड़ा से ट्रेन लेट पहुंचने की वजह से मुम्बई की ओर से भी रैक को विलंब से रवाना किया जा रहा है। इसमें एक ट्रेन हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस भी शामिल है। इस ट्रेन को अधिक देर से चलने के कारण रेलवे ने रद्द करने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को हावड़ा से रवाना होने वाली 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस और 23 फरवरी को मुम्बई से चलने वाली 12860 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द होने के कारण 22 और 24 फरवरी को बिलासपुर और रायपुर स्टेशन तक नहीं पहुंचेगी।

### रनिंग कर्मचारियों को रेलवे का तुगलकी फरमान, रात दिन करना पड़ रहा काम

## कोयला माललदान का टार्गेट पूरा करने लोको पायलटों ने 36 घंटे उपवास रहकर चलाई ट्रेन

एसईसीआर बिलासपुर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में लदान के टारगेट को पूरा करने के कारण चालकों और सहायक परिचालकों को आराम नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण परेशान होकर लोको पायलटों ने 36 घंटे का उपवास रहकर ट्रेन का परिचालन करते हुए अपना विरोध जताया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जोन में यात्री गाड़ियों से अधिक प्राथमिकता माल गाड़ियों को रेल अफसर दे रहे हैं। इसका कारण है कि रेलवे बोर्ड की ओर से दिए गए माल लदान के लक्ष्य को समय से पहले पूरा करना है, जिसमें सबसे बड़ी भूमिका ट्रेन का परिचालन करने वाले लोको पायलट, असिस्टेंट लोको पायलट और गार्ड यानि ट्रेन मैनेजर की होती है। इन रनिंग कर्मचारियों को रेलवे के तुगलकी फरमान और रात दिन काम के कारण आराम भी बड़ी मुश्किल से मिल पा रहा है।

लोको पायलट की भारी कमी, लदान लक्ष्य में प्रतिवर्ष वृद्धि से रनिंग स्टाफ को पर्याप्त विश्राम नहीं मिलने से शारीरिक और मानसिक दबाव में गाड़ियों का संचालन करने से गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसकी वजह से रनिंग स्टाफ को काफी परेशानी हो रही है।

**आराम नहीं मिल पाने से हो गए हैं परेशान**

विश्राम नहीं मिलने के साथ अन्य मांगों को लेकर गुरुवार की सुबह से आल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने 36 घंटे का उपवास रहकर ट्रेन का परिचालन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी क्रू लाबियों साहित नागपुर, रायपुर और बिलासपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने सैकड़ों की संख्या में रनिंग स्टाफ ने धरना आंदोलन किया। आराम के साथ इसका मुख्य कारण रेलवे बोर्ड की ओर से टीए के सापेक्ष माइलेज दर वृद्धि से मना करना है, जबकि सातवें वेतन आयोग की अनुशंसा अनुसार महंगाई भत्ता 50 फीसदी होने पर सभी अन्य भत्ते में 25 फीसदी वृद्धि की गई है, लेकिन रनिंग स्टाफ को इस अधिकार से वंचित किया गया है। इसके बावजूद एसईसीआर में लोको पायलट के 4 हजार से अधिक पद खाली हैं, अत्यधिक लांग आवर्स ड्यूटी को दो भागों में बांट कर काल्पनिक आंकड़े दर्शाए जा रहे हैं। जिससे समय पर साप्ताहिक विश्राम और अवकाश में कटौती की जाती है।



धरना देकर विरोध जताते रेलवे के लोको पायलट।





भूखे प्यासे ट्रेन चलाते लोको पायलट।

#### निकाली जाएगी विशाल रैली

आल इंडिया रेलवे रनिंग स्टाफ एसोसिएशन बिलासपुर के मंडल सचिव विकास सिंह गहरवार ने बताया कि संरक्षा मानकों के विपरीत असुरक्षित कार्य कराने से हुई दुर्घटनओं का दोषी रनिंग स्टाफ को ठहराया जाता है। स्टेशन यार्ड में रनिंग स्टाफ से हैंडब्रेक बांधने का आदेश जारी कर स्टेशन स्टाफ का भी कार्य कराने मजबूर किया जा रहा है। लगातार कई रात ड्यूटी होने से माईक्रोस्लिपिंग की प्रवृत्ति में वृद्धि हो रही है, जो एसपीएडी घटनाओं का एक प्रमुख कारक है। उपवास आंदोलन के माध्यम से रेल प्रशासन को आग्रह किया है कि रनिंग स्टाफ की ज्वलंत समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए अन्यथा 9 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पर विशाल रैली करने के साथ हड़ताल पर जाने जैसा अंतिम कठोर निर्णय लिया जा सकता है।

### पीएससी की कर रही थी तैयारी

## छात्रा की बंद कमरे में लाश मिलने से फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हास्टल में रहकर सीजी पीएससी की तैयारी कर रही कोरिया जिले की छात्रा की बंद कमरे में लाश मिलने से सनसनी फैल गई गई। कमरे से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने बताया कि वह टीबी की बीमारी ग्रसित थी और दो तीन से उसके पेट में दर्द हो रहा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।



मृतिका

- पोस्टमार्टम के बाद होगा मामले का खुलासा

कोरिया मनेन्द्रगढ़ खोंगापानी झगराखान निवासी पवन दीवान पिता स्व. सूरज दीवान ने बताया कि उनकी बड़ी बहन नीतू दीवान पिछले 3 साल से मंगला चौक शुभम विहार कालोनी में किराए के मकान में रहकर सीजी पीएससी की कोचिंग कर रही थी। 19 फरवरी को उनकी मां बेटी नीतू को फोन लगा रही थीं, किन्तु वह फोन रिसीव नहीं कर रही थी। किसी तरह छोटी बहन ने बड़ी बहन नीतू की सहेलियों से संपर्क कर मकान मालिक का मोबाइल नम्बर लिया। उसके बाद उन्होंने मकान मालिक से मोबाइल में संपर्क कर जानकारी देते हुए उन्हें रूम जाकर देखने को कहा। मकान मालिक ने रूम में जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था नीतू कोई जवाब नहीं दे रही थी। मकान मालिक ने उन्हें शहर आ जाने कहा। रात 2.30 बजे वे अपनी मां व रिश्तेदार को लेकर शहर पहुंचे तो बहन के रूम के बाहर एम्बुलेंस व पुलिसवाले खड़े हुए थे। उनके पहुंचने पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। अंदर जाकर देखे तो नीतू मृत पड़ी हुई थी। पुलिस उनकी उपस्थिति में वीडियोग्राफी कर कमरे की तलाशी ली गई, किन्तु सुसाइड नहीं मिला है। पूछताछ में उनकी मां ने बताया, नीतू टीबी की बीमारी से ग्रसित थी और उसने फोन पर बताया था कि पिछले दो तीन दिन से पेट में दर्द अधिक हो रहा है। 20 फरवरी को पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

#### सुसाइड नोट नहीं मिला

बुधवार की रात 10 बजे मकान मालिक की सूचना पर पुलिस रूम में पहुंच गई थी। परिजन के आने के बाद दरवाजा तोड़कर वीडियोग्राफी कर शव को मरच्यूरी में रखवाया गया था। सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन ने टीबी की बीमारी व पेट दर्द होने की जानकारी दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

-एसआर साहू सिविल लाइन टीआई

## चुनाव के पहले कोटा क्षेत्र के 13 गुण्डे बदमाश पकड़े गए, दो कोचियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चुनाव के पहले कोटा पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय 13 गुण्डा बदमाशों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए बदमाशी नहीं करने का बांड भराकर छोड़ा है। वहीं अवैध महुआ शराब बेचने वाले दो कोचियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसपी रजनेश सिंह ने कोटा ब्लाक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए गुण्डा बदमाश व अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। कोटा थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस सुमीत कुमार ने स्टाप के साथ क्षेत्र में दबिश देकर 9 व बेलगहना क्षेत्र में सक्रिय 4 गुण्डा बदमाशों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर लडाई झगड़ा नहीं करने का बांड भराकर छोड़ा है। इसी तरह पिछले दो दिनों से अवैध शराब बेचने वाले दो कोचियों को पकड़कर उनके पास से भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया गया है।



कोटा क्षेत्र में पकड़े गए गुण्डे बदमाश।

पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर दोनों कोचियों को जेल भेज दिया है। कोटा ब्लाक में 89 मतदान केंद्र है इसमें 34 संवेदनशील है। थाना प्रभारी सुमित कुमार ने सभी मतदान केंद्रों का जायजा लिया है।

### ओपन यूनिवर्सिटी

## उच्च शिक्षा विभाग से 42 पदों की मिली सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्राध्यापक, सह प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक के पदों के सृजन किए जाने उच्च शिक्षा विभाग ने ओपन यूनिवर्सिटी को अनुमति पत्र जारी कर दिया है। ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा नवीन शैक्षणिक 42 पदों के सृजन के संबंध में प्रस्ताव तैयार कर उच्च शिक्षा विभाग को भेजा गया था और इसके स्वीकृति के लिए प्रयास किए जा रहे थे।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार राज्य शासन द्वारा पं. सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी में नवीन शैक्षणिक 42 पदों के सृजन की सहमति तथा इन पदों को यूनिवर्सिटी के स्ववित्तीय मद से संविदा से भरे जाने की सहमति प्रदान की गई है। शैक्षणिक 42 पदों में प्राध्यापक के 1, सह प्राध्यापक के 1 तथा सहायक प्राध्यापक के 40 पद शामिल हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने नवीन शैक्षणिक 42 पदों के सृजन की सहमति इस शर्त पर दी है कि यूनिवर्सिटी स्वयं के वित्तीय स्त्रोत से इसकी प्रतिपूर्ति करेगा और शासन से अनुदान की मांग नहीं करेगा। पं. सुंदरलाल शर्मा यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह ने कहा कि यूनिवर्सिटी में अधिकाधिक पाठयक्रमों के संचालन के लिए शैक्षणिक पदों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए हम लोग सतत प्रयासरत थे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन से पदों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। अब आगे की प्रक्रिया को तीव्र गति से पूरा करने पर ध्यान केन्द्रीत किया जाना चाहिए ताकि आवश्यक पदों पर शीघ्र नियुक्ति हो सकें। इससे न केवल यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि होगी, बल्कि छात्रों को भी बेहतर शिक्षण सुविधाएं प्राप्त होगी। प्रो. सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि यूनिवर्सिटी निरंतर अपने शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करने और छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। आगामी समय में नए पाठयक्रमों और शोध कार्यों को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे यूनिवर्सिटी की प्रतिष्ठा और शिक्षा स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा।



- यूनिवर्सिटी में टीचिंग के 42 पदों का होगा सृजन
- सेल्फ फायनेंस के तहत होंगे नए पद

### सीएसआईडीसी ने भुगतान नहीं होने पर उद्योगों को दिया नोटिस

## 300 उद्योगों पर 10 करोड़ से अधिक बकाया, 4 की लीज निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के उद्योगों द्वारा भू-भाटक और मेंटनेंस शुल्क का भुगतान नहीं करने पर एक माह में 4 उद्योगों की लीज डीड निरस्त की गई है। उद्योग विभाग इस दौरान 3 करोड़ 62 लाख 82 हजार रुपए भू-भाटक वसूला है। वहीं 300 उद्योगों से लंबित 10 करोड़ की राशि सीएसआईडीसी को भुगतान नहीं होने पर सभी उद्योगों को नोटिस जारी किया गया है।

जिले के औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी, तिफरा एवं सिलपहरी में स्थित है, हर साल उद्योगों को भू-भाटक एवं संधारण



शुल्क का भुगतान करना होता है, इस साल इसकी तारीख 10 जनवरी निर्धारित की गई थी, लेकिन उद्योगों ने शुल्क जमा नहीं किया है, कई उद्योगों पर करोड़ों रूपए बकाया है। वसूली के लिये राज्य के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव द्वारा निरंतर समीक्षा की जा रही है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक द्वारा भू-भाटक की वसूली एवं अन्य अनियमितताओं हाल ही में नोटिस जारी किया है, नोटिस के बाद भी वार्षिक देयक की राशि भुगतान नहीं होने पर इकाई को भूखण्ड का आवंटन निरस्त करने का प्रावधान है। हाल ही में महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा औद्योगिक इकाइयों को लंबित शुल्क का भुगतान करने की हिदायद दी गई है, जिसके बाद उद्योगों में हड़कंप मच गया है। भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन है। जानकारी के अनुसार शुल्क का भुगतान नहीं करने पर उद्योगों पर 12 प्रतिशत से 24 प्रतिशत तक अर्थदण्ड लगाया जाएगा। वहीं सालों से भू भाटक नहीं पटाने वाले 4 उद्योगों की लीज डीड निरस्त कर दी गई है।

#### सीएसआईडीसी विभाग की लापरवाही

खास बात यह है कि उद्योग विभाग की फील्ड इकाई सीएसआईडीसी है, इसी विभाग को भू-भाटक और अन्य शुल्क की वसूली करना होता है, पर्याप्त स्टाफ होने के बाद भी सीएसआईडीसी के अधिकारी कर्मचारी वसूली करने के बजाए उद्योगपतियों के नखरे सहते है। साल भर वसूली का नोटिस नहीं दिया जाता है, वहीं कार्रवाई करने से भी बचते हैं। ऐसे में उद्योग विभाग को नोटिस जारी करने की जरूरत पड़ रही है।

#### भुगतान की मांगी गई है जानकारी

वर्तमान में विधानसभा सत्र चल रहा है, ऐसे में एक्जाई रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकी है, नोटिस के बाद कुछ उद्योगों ने आनलाइन भुगतान किया है। सीएसआईडीसी से भुगतान की जानकारी मांगी गई है।

-एम एल कुसरे, महाप्रबंधक, उद्योग विभाग


छत्तीसगढ़ में सुशासन के देव
यशस्वी मुख्यमंत्री
मान. विष्णुदेव साय जी
को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मणीदास मानिकपुरी
अध्यक्ष-बेलतरा उत्तर मण्डल
मनीष कौशिक
अध्यक्ष-बेलतरा दक्षिण मण्डल
पवन कश्यप
अध्यक्ष-बेलतरा (शहर) पूर्व मंडल
रत्नाकर मोनू श्रीवास
अध्यक्ष-बेलतरा (शहर) पश्चिम मंडल
सुशांत शुक्ला
विधायक-बेलतरा विधानसभा
नवनिर्वाचित पार्षदगण
तिलकराम साहू
वार्ड क्र. 48
रमेश पटेल
वार्ड क्र. 13
हेमंत मरकाम
वार्ड क्र. 14
जय वाधवानी
वार्ड क्र. 50
प्रितेश सोनी
वार्ड क्र. 51
श्रीमती रेखा सूर्यवंशी
वार्ड क्र. 53
श्रीमती रानी देवांगन
वार्ड क्र. 54
श्रीमती मनोरमा यादव
वार्ड क्र. 55
श्रीमती रूपाली गुप्ता
वार्ड क्र. 56
श्रीमती रेखा पाण्डेय
वार्ड क्र. 57
श्रीमती कमला पटेल
वार्ड क्र. 58
श्रीमती ममता मिश्रा
वार्ड क्र. 68
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा
J.J.Ad

20 FEB- BSP-PG-3_Layout 1 2/21/2025 12:21 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सरकारी कार्यालय में गर्मी से बचने तैयारी शुरू



**बिलासपुर।** तापमान अचानक बढ़ जाने से शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में धूम तेज हो गई है। लोग बिना छतरी के घर से बाहर निकलने में कतराने लगे हैं। घरों और सरकारी दफ्तरों में ठंडकता बनाएं रखने कूलर और एसी लगाने की तैयारी हो रही है। मालूम हो कि नए कम्पोजिट बिल्डिंग में दर्जनों सरकारी कार्यालय का संचालन होता है। जहां शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। कम्पोजिट बिल्डिंग के सभी कमरे में कूलर लगाने कार्य शुरू कर दिया है। पुराने हो चुके कूलर के खस को बदला जा रहा है। साथ ही जंग से बचाने कूलर की टंकी में रबर पेंट लगाया जा रहा है।

### जिपं सदस्य मस्तूरी प्रथम चरण में हुए मतदान परिणाम की घोषणा



**बिलासपुर।** पंचायत सदस्यों के लिए प्रथम चरण में मस्तूरी निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से 14 में 17 फरवरी को हुए चुनाव के बाद सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा जिला पंचायत सभाकक्ष में की गई। सारणीकरण का कार्य जिला पंचायत के रिटर्निंग अफसर संदीप कुमार अग्रवाल तथा सहायक रिटर्निंग अफसर मनीष साहू एवं शिवानी सिंह की उपस्थिति में किया गया। जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 से राजेन्द्र धीवर ने 11103 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नंदनी पवन साहू पर 2278 वोटों से जीत दर्ज की। इसी प्रकार क्षेत्र क्रमांक 11 से अरूना चन्द्रप्रकाश सूर्या ने 12946 वोट प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अंजली राजू सूर्यवंशी को 5588 वोटों से हराया। वहीं क्षेत्र क्रमांक 12 में दामोदर कांत ने 6664 मत प्राप्त कर एस कुमार मनहर से 899 वोटों की बढ़त प्राप्त की। क्षेत्र क्रमांक 13 से सतकली बावरे ने 9580 मत प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी भगवती सुरेश खटकर को 1788 वोटों से हराया। निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 से राधा खिलावन पटेल ने 15916 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी सोनल मयंक साहू से 7295 वोटों से जीत दर्ज की। जिला पंचायत सदस्य के लिए नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को रिटर्निंग अफसर संदीप कुमार अग्रवाल ने प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### बिल्हा कांग्रेस प्रत्याशी के 7 हजार वोट से आगे होने का दावा

**बिलासपुर।** जिला पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार अनिता राजेंद्र शुक्ला के अपने प्रतिद्वंद्वी से 7 हजार वोट से आगे होने का दावा किया जा रहा है। गुरुवार की देर रात तक 97 बूथों में अब तक 70 में काउंटिंग हो चुकी है। चुनाव चिन्ह उगता सूरज की प्रत्याशी क्षेत्र क्रं. 4 में आने वाले 34 गांव में से 29 पर लीड कर रही है। त्रिस्तरीय जिला पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का मतदान गुरूवार को बिल्हा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र क्रमांक 4 में किया गया। इस क्षेत्र में कांग्रेस की अधिकृत उम्मीदवार अनिता राजेन्द्र शुक्ला व भाजपा समर्थित सुनीता डहरिया के बीच कड़ा मुकबला हो रहा है। मतगणना के 97 बूथ बनाए गए थे, जिसमें 70 बूथ की काउंटिंग हो चुकी है। उगता सूरज छाप में चुनाव लड़ रही अनिता राजेन्द्र शुक्ला अपनी प्रतिद्वंद्वी सुनीता डहरिया से 7 हजार वोट से लीड कर रही है। मतों की गिनती जिला पंचायत भवन में की जा रही है। जिपं क्षेत्र क्रं. 4 के अंतर्गत धमनी, नगपुरा, चकरभाठा बस्ती, कड़ार, देवार, कया, रहंगी, मुड़ीपार, उमरिया, मोहभट्ठा, हिर्री, निपनिया, पेण्डरवा, केवछी, सम्बलपुरी, पौंसरी, अमेरी कापा, ताला, अमेरी अकबरी, उड़गन, भोजपुरी, अटर्रा, मोहदा, धौराभाठा आदि ग्राम पंचायत आते हैं।

### दुकानदारों ने बेरियर लगाकर बाधित की सड़क, लग रहा है जाम



**बिलासपुर।** ट्रेफिक विभाग चौक-चौराहों पर यातायात का संचालन सुचारू रूप से संचालित करने बेरियर का उपयोग करते हैं। वहीं कुछ दुकानदा इन बेरियर का गलत उपयोग कर यातायात व्यवस्था को बिगाड़ने में तुले हुए हैं। यातायात विभाग द्वारा राजीव गांधी चौक पर रखें बेरियर को दुकानदारों ने गलत तरीके से रखकर सड़क को बाधित कर दिया है। जिससे सड़क काफी संकरा हो चुका है। वहीं वाहन चालक बेरियर से बचकर चल रहे हैं। यही वजह है कि चौक पर आए दिन जाम लगा रहता है।

### नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**बिलासपुर।** कोटा जिला सहकारी बैंक में धान बिक्री की रकम लेकर नाराज ग्रामीणों ने बैंक के सामने चक्काजाम कर दिया था। जिससे आवागमन प्रभावित हो गई थी। थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस ने मौके पर जाकर ग्रामीणों व बैंक अधिकारियों से चर्चा की तथा ग्रामीणों की समस्यों को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया। जिसके कारण 1 घण्टे तक चक्काजाम लगा रहा।

### सकरी थाना में पसरा सन्नाटा



**बिलासपुर।** त्रिस्तरीय जिला पंचायत चुनाव के कारण शहर से लगे थानों में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है। पुलिस प्रशासन ने चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण निपटने पुलिस बल तैनात किया है। मालूम हो कि द्वितीय चरण का मतदान बिल्हा ब्लॉक में आयोजित किया गया है। जिसमें सकरी सहित अन्य थानों से पुलिस बल बुलवाया गया है। पुलिस कर्मी सुरक्षा में तैनात होने के कारण थाने में सन्नाटा पसरा हुआ है।

ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालानी कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय को भेजा जा रहा

# नंबर प्लेट में छेड़छाड़ करने वालों के विरुद्ध शहर में चला अभियान: हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पुलिस अधीक्षक रजनीश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) रामगोपाल करियारे के विशेष मार्गदर्शन में नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। हर दिवस विभिन्न धाराओं पर कार्रवाई करते हुए अभियान चला कर उल्लंघन कर्ताओं पर चालानी कार्रवाई कर प्रकरण न्यायालय भेजा जा रहा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात श्री करियारे ने बताया कि गत दिनों से यह देखने में आ रहा था कि कुछ दुपहिया वाहन चालकों द्वारा वाहन के नंबर प्लेट में स्टीकर लगाकर वाहन चलाना, आगे या पीछे वाहन का नंबर नहीं लिखा होना, नंबर प्लेट में नंबरों से छेड़छाड़ करके नंबर को लिखना या कुछ नंबरों में स्टीकर चिपका कर सही नंबर को छुपाना या नंबरों को विधि मान्य तरीके से नहीं लिखना पाया गया। उक्त वाहन चालको की गैरजिम्मेदार पूर्ण तरीके से वाहन चालन एवं यातायात नियमों की अनदेखी कर नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चालन की स्थिति को ध्यान में रखकर विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने मातहतों को निर्देशित किया गया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार को यातायात पुलिस बिलासपुर द्वारा वाहनों एवं वाहन चालकों पर कठोर कार्रवाई कर सभी वाहनों से स्टीकर निकलवाया गया। नम्बर प्लेट सही करवाकर नियमानुसार मो.व्ही. एक्ट की प्रकरण बनाया जाकर विधिवत चालानी कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में जिला यातायात पुलिस द्वारा समस्त नंबर प्लेट लिखने वाले वेंडरों को भी निर्देशित किया गया है कि नियमानुसार विधिमान्य तरीके से ही वाहनों में नंबर प्लेट लिखें।



कार्रवाई के दौरान पकड़े गए दोपहिया वाहन चालक।

### फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सवारी ढोने वाले ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ा



ट्रैफिक पुलिस ने फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सवारी ढोने वाले आटो चालक को पकड़कर कार्रवाई के लिए सिविल लाइन थाने को सौंपा है। पुलिस ने आटो जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ट्रैफिक डीएसपी शिवचरण सिंह परिहार ने बताया, शहर के चौक-चौराहों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर वाहनों के नम्बर प्लेट की जांच की जा रही है। गुरूवार की रात जरहाभाठा मंदिर चौक में ट्रैफिक प्रधान आरक्षक ने सवारी आटो को रोककर पूछताछ कर जांच की। जांच में नम्बर प्लेट फर्जी पाया गया। वह मैग्नेट लगाकर नम्बर प्लेट छिपाकर चला रहा था। पूछताछ करने पर ड्राइवर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। ट्रैफिक पुलिस ने आटो सहित ड्राइवर को कार्रवाई के लिए सिविल लाइन पुलिस को सौंप दिया। डीएसपी श्री परिहार ने बताया, लगातार अभियान चलाकर नम्बर प्लेट की जांच की जाएगी। गड़बड़ी पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि चालानी कार्रवाई एवं कैमरे से बचने के लिए अपने आटो में मैगनेट लगाकर सवारी लेकर निकल जाता था।



संगोष्ठी में अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान करते कुलपति।

## शिक्षक में राष्ट्र का उन्नायक बनने की क्षमता : प्रो.चक्रवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए. ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 57वीं आईएटीई की राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल की अध्यक्षता में हुआ। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर मां सरस्वती, बाबा गुरु घासीदास एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए पौधों से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरूवार को सुबह 10.30 बजे रजत जयंती सभागार में किया गया।

विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर्स एजुकेटर्स के संयुक्त तत्वावधान में शेपिंग टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम्सः मेकिंग दि फ्यूचर टीचर विषय पर आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण के दौर में एक अच्छा शिक्षक बनना बड़ी चुनौती है। व्यावसायीकरण के चलते हमने मानवीयता एवं नैतिकता की तुलना में लाभार्जन पर अधिक ध्यान केन्द्रित कर दिया है। अच्छा शिक्षक बनने के लिए हमें संवेदनशील और मूल्यनिष्ठ गुणों से संपन्न होना होगा। शिक्षक के शिक्षा और शिक्षण के केंद्र में सदैव से विद्यार्थी का सर्वागीण विकास होता है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. संजीव सोनावने, कुलपति, यशवंतराव चव्हाण, महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय नासिक ने कहा कि विकसित भारत 2047 के निर्माण में शिक्षक की भूमिका अहम है। शिक्षक का मूल्य तथा कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को प्रदान करना चाहिए। आईएटीई के अध्यक्ष प्रो. एम. मियां ने कहा कि शिक्षक का ज्ञानवान होने के साथ ही उत्तरदायित्व का बोध आवश्यक है। नकारात्मकता से दूर रहते हुए शिक्षक को ईमानदार एवं नैतिकबल से संपन्न होना चाहिए। बीज वक्तव्य देते हुए प्रो. धनंजय यादव, निदेशक, एमएमटीसी एवं विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को शिक्षा में समाहित करते हुए वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल विकास पर ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि प्रो. बी.आर. कुकरेती, महासचिव, आईएटीए ने कहा कि इंडियन एसोसिएशन ऑफ टीचर्स एजुकेटर्स द्वारा किये जा रहे कार्यो का ब्योरा दिया। स्वागत उद्बोधन शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संबित कुमार पाढ़ी ने दिया। शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. सी.एस. वझलवार ने शिक्षा विभाग की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने विश्वविद्यालय में चल रही विभिन्न योजनाओं के साथ उपलब्धियों के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर 57वीं आईएटीए संगोष्ठी में प्रो. विभा जोशी, प्रो. आर.पी. पाठक और वृंदा वाजले को सम्मानित किया गया।

- सीयू में तीन दिवसीय 57वीं आईएटीई की राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

## गायनिक वार्ड में अतिरिक्त वार्ड की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में सुविधाएं बढ़ाने पर प्रबंधन द्वारा जोर दिया जा रहा है। गुरूवार को डीन डा रमणेश मूर्ति एवं अधीक्षक डा. लखन सिंह ने वार्ड और आपरेशन थिएटर का निरीक्षण किया।

कैजूवल्टी, ट्राइएज वार्ड, गायनिक ओपीडी एवं वार्ड, एमआरडी में स्टाफ और डाक्टर की जानकारी ली गई। इस दौरान प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान डा. संगीता रमन जोगी से मुलाकात कर विभाग में मौजूद समस्याओं का आकलन किया। गायनिक एवं लेबर वार्ड में बेड की कमी पर डीन एवं अधीक्षक द्वारा तुरंत लेबर ओटी एवं लेबर वार्ड में अतिरिक्त 6 बेड लगाने की स्वीकृति दी। अन्य विभाग को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान समस्त चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, वार्डब्वाय-आया को मरीजों के साथ बेहतर व्यवहार करने की हिदायत दी गई। डाक्टरों ने मरीज के सिम्स चिकित्सालय में पहुंचते ही तत्काल उन्हें व्हील चेयर एवं ट्राली उपलब्ध कराते हुए त्वरित चिकित्सा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।



स्त्री रोग विशेषज्ञ से चर्चा करते अधीक्षक डॉ. लखन सिंह।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर और सैनिक सम्मेलन 24 को

**बिलासपुर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय परिसर में नारायणा हॉस्पिटल रायपुर एवं एएसजी आई हॉस्पिटल रायपुर द्वारा राज्य सैनिक बोर्ड रायपुर के सौजन्य से 24 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इस कैंप में विविध रोगों की जांच की जाएगी। दवा का वितरण ई सी एच एस पॉलीक्लीनिक बिलासपुर द्वारा किया जाएगा। इसमें अपना और परिवार जन का ईसी एचएस कार्ड साथ लाने और जो सदस्य किसी बीमारी की वजह से हर माह नियमित दवाई का सेवन कर रहे हैं, उन्हें अपनी मेडिकल हिस्ट्री के दस्तावेज साथ लाने कहा गया है। साथ ही स्पर्श सम्बन्धी समस्याओं का निदान किया जाएगा। विभिन्न वित्तीय योजनाओं की जानकारी भी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी । इसके अतिरिक्त ब्रिगेडियर विवेक शर्मा से.नि. संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ द्वारा सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया जाएगा।

## सड़क पर केक काटने का मामला, हाईकोर्ट ने सीएस से लिखित में मांगा शपथ पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रायपुर में नेशनल हाईवे पर बीच सड़क पर केक काटने के मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी। इसके बाद राजधानी में ही एक कांग्रेस नेता द्वारा यही हरकत दोहराए जाने पर भी हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया। दोनों ही मामलों पर गुरुवार को एक साथ सुनवाई कर चीफ जस्टिस की डीबी ने मुख्य सचिव से शपथपत्र पर जवाब मांगा है।

मालूम हो कि 30 जनवरी को रायपुर में रायपुरा चौक पर बीच सड़क पर दो कारें खड़ी थीं। कार के बोनट पर केक रखकर काटा गया। इसके साथ ही हुड़दंग किया गया और आतिशबाजी की गई। इस दौरान जिस नाबालिग लड़के का जन्मदिन था, उसका पिता भी मौजूद था। उसने अपने बेटे को भी नहीं रोका। सभी मिलकर हुड़दंग मचा रहे थे। इससे राहगीरों को भी परेशानी हुई। इस दौरान बीच सड़क पर कारें खड़ी होने की वजह से मुंबई-कोलकाता नेशनल हाईवे पर जाम लग गया था। इस मामले में खुद ही संज्ञान लेकर हाईकोर्ट ने सुनवाई की थी। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने 300 रुपए की चालानी कार्रवाई पर नाराजगी जाहिर कर कहा था कि अगर कोई आम आदमी ऐसा करता तो आप उसे गुंडा-बदमाश बताकर जेल में डाल देते। डीबी ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई करने वाले ट्रैफिक पुलिस अफसर को तत्काल निलंबित करिए। मामले में राज्य सरकार को शपथ-पत्र के साथ जवाब देने कहा गया। इसी तरह रायपुर में ही यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भी बीच सड़क पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। विनोद कश्यप उर्फ भक्कू के समर्थकों ने गत रविवार रात करीब 20 मिनट तक आतिशबाजी की और फिर हंगामे के बीच केक भी काटा। इस बीच लोग परेशान होते रहे। इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस पर भी कोर्ट ने संज्ञान लिया है। आज गुरुवार को डिवीजन बेंच ने सुनवाई करते हुए शासन से पूछा कि क्या कार्रवाई की गई है। शासन के अधिवक्ता ने बताया कि मामले में एफ आई आर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस नेता के खिलाफ भी एफआईआर कर गिरफ्तारी कर ली गई है। इस जवाब के बाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के मुख्य सचिव से सारे प्रकरण में एक लिखित शपथपत्र पेश करने कहा है।



### कोर्ट ने अतिक्रमणकारी को दिया अंतिम अवसर

दिए गए पट्टे से ज्यादा जगह में निर्माण करने के मामले में एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रतिवादी को अपना कब्जा हटाने अंतिम अवसर दिया है। ऐसा न करने पर न्यायिक आदेश जारी करने की चेतावनी दी है। राजनांदगांव जिले के मोहला मानपुर में एक व्यक्ति ने लीज पर मिली 600 वर्गफीट जमीन पर आगे बढ़ाकर 750 फीट पर निर्माण कर लिया था। इस वजह से स्थानीय निवासियों का निस्तारी का काम प्रभावित हो रहा था। इसकी पहले प्रशासन से शिकायत की गई थी। कुछ कार्रवाई न होने पर आशा देवांगन समेत अन्य लोगों ने जनहित याचिका पेश की। पहले हुई सुनवाई में जो सीमंकन रिपोर्ट पेश की गई थी। इसमें बताया गया था कि 150 फीट पर अतिक्रमण कर निर्माण किया गया है। हाईकोर्ट ने तब कब्ज़ा हटाने को कहा था। आज गुरुवार को हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस की डीबी को यह जानकारी दी गई कि बेजाकब्ज़ा अभी तक नहीं हटाया गया है। इसके बाद कोर्ट ने अतिक्रमणकारी को इसे हटाने का अंतिम अवसर देते हुए ऐसा नहीं करने पर अगली बार न्यायिक आदेश जारी करने की चेतावनी दी है।

## किसानों का बनेगा डिजिटल फार्मर आईडी

**बिलासपुर।** छग शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की पहल की जा रही है। एग्री स्टेक परियोजना के तहत जिले के हर किसान की डिजिटल फॉर्मर आईडी (किसान कार्ड) बनाई जा रही है। साथ ही कृषि भूमि को आधार से लिंक किया जाएगा।

राज्य शासन इसके जरिए किसानों को कृषि योजनाओं का पारदर्शी रूप से कृषकों को योजना का सीधा लाभ मिलेगा। एग्री स्टेक परियोजना के तहत सभी किसानों का पंजीयन कर उनका डिजिटल अकाउंट बनाया जाएगा। इसमें किसानों की भूमि, फसल, सब्सिडी पर उपलब्ध कराए जा रहे बीज-खाद, कृषि यंत्र व किसान सम्मान निधि की जानकारी दर्ज की जाएगी। इसके लिए लोक सेवा केन्द्र द्वारा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाई जाएगी। जिसमें कृषि विभाग से संबंधित ग्राम के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं राजस्व विभाग से पटवारियों की ड्यूटी लगाई गई है। एग्री स्टेक पोर्टल पर कृषक स्वयं पंजीयन कर सकते हैं अथवा अपने निकटतम लोक सेवा केन्द्र में जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

## रेलवे जीएम ने ली पीएनएम की बैठक

**बिलासपुर।** मान्यता प्राप्त चुनाव के बाद पहली पीएनएम बैठक का आयोजन जोनल मुख्यालय में किया गया, जिसकी अध्यक्षता एसईसीआर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने की। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय बिलासपुर में 19 व 20 फरवरी को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी बैठक संपन्न हुई। इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शो से संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है।

इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने की, जिसमें प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित हुए। महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजन की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है।

### उमरिया-लोरहा तीसरी लाइन पर दौड़ेंगी ट्रेनें

रेल मंडल बिलासपुर के उमरिया से लोरहा के बीच तीसरी लाइन व अन्य कार्यों को पूरा कर लिया गया है, जहां जल्द ही ट्रेनों का परिचालन शुरु किया जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास तथा गाड़ियों के गतिशील परिचालन के लिए मंडल में नई रेल लाइन, दोहरीलाइन, तीसरी लाइन और चौथी लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर कराया जा रहा है। इसके तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल अंतर्गत अनूपपुर-कटनी स्टेशन के बीच 165.52 किलोमीटर विद्युतीकृत तीसरी लाइन बिछाने का कार्य चरणबद्ध तरीके से हो रहा है। इसके तहत उमरिया से लोरहा स्टेशन के बीच करीब 10 किलोमीटर विद्युतीकृत नई तीसरी लाइन का संपूर्ण कार्य पूरा किया गया है, जिसके उपरांत गुरुवार को एसई सर्कल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने इस नई रेल लाइन का निरीक्षण किया। रेलवे सेफ्टी आयुक्त बीके मिश्रा विशेष गाड़ी से उमरिया स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने उमरिया स्टेशन में पेनल रूम, स्टेशन तथा यार्ड का निरीक्षण करने के पश्चात नई लाइन का उमरिया-लोरहा स्टेशन तक मोटर ट्राली निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, सिग्नलिंग उपकरण के साथ परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन कर अधिकारियों से चर्चा करने के उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके उपरांत उमरिया से लोरहा और लोरहा से उमरिया स्टेशन तक आब्जर्वेशन कार के साथ स्पीड ट्रायल किया गया। आयुक्त रेलवे सेफ्टी से अनुमति मिलने के बाद तीसरी लाइन पर निर्बाध रूप से गाड़ियों का परिचालन होगा।





20- FEB- BSP- P-4 ZIN_Layout 1 2/21/2025 12:18 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

शिविर

## जीवन में त्याग एवं तप की राह दुर्लभ और कठिन : स्वाति



बिलासपुर। राजयोगिनी गीता दीदी जी एक ऐसी महिला थीं जो इस धरा पर अध्यात्म का प्रकाश बनकर आईं और अपने ज्ञान प्रकाश की शक्ति से अनेकों के जीवन को आलोकित करके अव्यक्त हो गईं। दीदीजी की दूरदृष्टि, कुशल प्रशासन, स्नेह की भावना ने हजारों के जीवन को परमात्म शक्ति से भरपूर कर दिया।

उक्त वक्तव्य प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य शाखा, पुराना बस स्टैंड स्थित राजयोग भवन की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने, पूर्व संचालिका बीके गीता दीदी के ग्यारवें स्मृति दिवस के उपलक्ष में कहीं। बीके स्वाति दीदी ने बताया कि गीता दीदी जी कहते थे कि जीवन में त्याग एवं तप की राह दुर्लभ और कठिन है, लेकिन इस राह का आनंद और सुकून भी अपना है। जीवन में जब कोई कदम या निर्णय स्व इच्छा, स्व विवेक और स्व संकल्प से उठाया जाता है तो भले कितने भी कंकड़-पत्थर, कांटे राह रोकने के लिए पड़े हो लेकिन उसका संतोष और आनंद उसे मार्ग का रही ही महसूस कर सकता है। आध्यात्मिक जीवन वह जीवन है जिसमें कोई जबरदस्ती किसी के दबाव में निर्णय लेकर नहीं चल सकता है। यह तो अनंत कि वह यात्रा है, जिसमें यात्री भी हम अकेले हैं और मंजिल भी तय करना है, लेकिन जब मन-बुद्धि इस राह को अंतर्मन से आत्मसात कर लेती है तो त्याग, तपस्या का मार्ग कठिन ना होकर आनंद के रूप में बदल जाता है। मन से यही गीत निकलता है वाह मेरा भाग्य और वाह भाग्यविधाता। परमात्मा को पाने के बाद कुछ पाना शेष नहीं रह जाता है। माउंट आबू से पधारे बीके बद्री भाई जी ने भी गीता दीदी की के साथ के अविस्मरणीय पलों को याद कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इससे पहले गीता दीदी जी को स्नेह सुमन अर्पित कर सभी ब्रह्माकुमार भाई बहनों ने भोग स्वीकार किया।

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम मॉडल महाविद्यालय में गुरुवार को वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया, यह कार्यक्रम सांस्कृतिक, साहित्यिक और खेल गतिविधियों से भरे एक सप्ताह लंबे उत्सव का भव्य समापन था।

# आत्मविश्वास, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में सहायक

### महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव का समापन




**बिलासपुर।** इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य, जे.पी. वर्मा कॉलेज डॉ. एस.एल. निराला, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डॉ. एस.एल. निराला ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक और रचनात्मक क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि ऐसे आयोजन आत्मविश्वास, टीम वर्क और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने में सहायक होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. यू.के. श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि इस तरह के मंच विद्यार्थियों को आत्म-अभिव्यक्ति और समग्र विकास का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सृजनात्मकता, तर्कसंगत सोच और संवाद कौशल को विकसित करने के लिए सक्रिय रूप से इन गतिविधियों में भाग लें। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में डॉ. राजकुमार सचदेव, डॉ. प्रेमलता वर्मा, एल.के. गवेल, प्रकाश त्रिपाठी, ऋचा बंसल और संजय धनवानी का अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ।



### छात्रों ने कला का किया प्रदर्शन

इस भव्य वार्षिक समारोह से पहले, 14 से 17 फरवरी तक सप्ताहव्यापी उत्सव आयोजित किया गया था, जिसमें विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, टी-शर्ट पेंटिंग, पॉट पेंटिंग, फेस पेंटिंग, गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं में कहानी लेखन, काव्य पाठ, आशुकथन और वाद-विवाद शामिल थे। इसके अतिरिक्त, क्रिकेट, बैडमिंटन, कैरम और शतरंज जैसी खेल प्रतियोगिताएँ खेल अधिकारी ज्योति यादव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

### नृत्य और गायन की दी प्रस्तुति

समारोह का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इसके पश्चात एकल एवं समूह गायन और नृत्य प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

माता शवरी कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी



## राष्ट्रीय संगोष्ठी : मानसिक सोच में बदलाव लाना जरूरी

शासकीय माता शवरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में "21 वीं सदी का ऐतिहासिक विकलांग विमर्श" विषय पर केन्द्रित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी आयोजित की गई।

**बिलासपुर।** इसमें मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने कहा कि लोगों में मानसिक सोच की विकलांगता है जिसे बदले जाने एवं विकलांगों के कल्याणार्थ योजनाओं को उन तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. केके भंडारी ने कहा कि इस महाविद्यालय में विकलांग विमर्श पर पहली बार राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई है जो न केवल विकलांग विमर्श की दृष्टि से 16 वें क्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती है बल्कि इस महाविद्यालय की अकादमिक सामर्थ्य को भी उजागर करती है। डॉ. राम गोपाल सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक अहमदाबाद गुजरात ने कहा कि 21 वीं सदी के प्रथम दशक के दस्तक के साथ यह संगोष्ठी अपने 25 वर्षों के रजत जयंती काल में अंतरराष्ट्रीय क्षितिज को स्पर्श कर रही है। इस विषय पर अनेक शोधार्थी शोध भी कर चुके हैं और कर रहे हैं। बीज वक्तव्य देते हुए डॉ सुरेश माहेश्वरी अमलनेर महाराष्ट्र ने कहा कि " विकलांग विमर्श दशा एवं दिशा ग्रंथों के प्रकाशन के बाद अब इसकी मीमांसा जगत पर शोध करने की आवश्यकता है। आईएन सिंह पूर्व वन संरक्षक रायपुर ने भी इस समन्वित राष्ट्रीय संगोष्ठी को अविस्मरणीय बताया। डॉ गोपेंद्र दीक्षित ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. बेला महंत एवं आभार प्रदर्शन डॉ. इंशा ने किया। इस अवसर पर डॉ अरूण कुमार यदु, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, विष्णु कुमार तिवारी, शत्रुघन जैसवानी, डॉ बीएल गोयल, राजेन्द्र रूंगटा सहित शोधार्थियों की उपस्थिति रही।

### स्वागत गान की प्रस्तुति

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान की प्रस्तुति श्रेया सोनी ने दी। स्वागत भाषण डॉ. इशा बेला लकड़ा ने देकर अतिथियों का परिचय दिया। मदन मोहन अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री ने अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद् की गतिविधियों की चर्चा की। तकनीकी सत्र के अध्यक्ष मंडल के मार्ग दर्शन में शोध पत्र का वाचन किया। समापन सत्र में डॉ. भंडारी की अध्यक्षता में लोगों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम

## शिक्षा से बढ़ती है आत्म निर्भरता परीक्षा की तैयारी पर बच्चों से चर्चा



**बिलासपुर।** सेवा एक नई पहल बिलासपुर ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल चिचिरदा के छात्र- छात्राओं से परीक्षा की तैयारी कैसे करें इस पर चर्चा की। इसमें संस्था की संयोजिका रेखा आहुजा ने कहा कि शिक्षा से आत्म निर्भरता बढ़ती है और आत्मनिर्भर महिला ही कालांतर में स्वस्थ परिवार और समाज निर्माण के दायित्व का भली भांति निर्वहन कर सकती हैं।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक सुशील चौरसिया ने सेवा एक नई पहल के कार्यों पर प्रकाश डाला एवं छात्र-छात्राओं से इस संस्था से जुड़ कर मानव सेवा का संकल्प लेने का आग्रह किया। इसके बाद आगंतुक अतिथियों ने उपस्थित विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, मिष्ठान वितरण किया। कम्प्यूटर सिस्टम भी दिया। शाला की प्राचार्या एसआर हनीफी ने संस्था के संयोजक सतराम जेठमलानी, महेंद्र माखीजा, अरुण चौधरी, सिमरन तलरेजा, नीलम जैन, रेणु मूंदड़ा, मुकेश शाह सहित सहयोगी शिक्षकों एवं शाला स्टॉफ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज की इस भेंट से छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन होगा और उनकी शिक्षा के स्तर में सुधार होने के साथ ही जनरल नॉलेज में वृद्धि होगी। जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

## गजानन महाराज के प्रकट उत्सव पर हुआ अभिषेक

**बिलासपुर।** संतश्री गजानन महाराज के प्रगट दिन माघ कृष्ण सप्तमी पर गुरुवार को महाराज का अभिषेक किया गया। जिसके मुख्य यजमान श्री अरविंद वर्षा कोन्हेरे थे। इनके साथ 239 भक्तों ने भी अभिषेक कराया। संपूर्ण पूजा विधि आचार्य अनिरुद्ध वर्तक, पं वेंकटेश पाटिल, पं अवि कोन्हेर, पं प्रशांत जोशी ने संपन्न कराई।

पूजन विधि सुबह से महाराज के अभिषेक के साथ चालू हुई जो 12 बजे महाआरती के साथ समाप्त हुई। इसके साढ़े 12 बजे से महाप्रसाद शुरू हुआ। जिसमें लगभग विभिन्न समुदाय के 25 सौ लोगों प्रसाद ग्रहण किया। शाम को 6 बजे से गुरुकृपा भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी।

25 सौ लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद, भजनों की दी गई प्रस्तुति



### गजानन महराज विजय ग्रंथ का पारायण

रेल्वे महाराष्ट्र मंडल टिकरापारा में संत श्री गजानन महाराज का प्रकट उत्सव का आयोजन किया गया। सचिव नीरज जोशी ने बताया कि प्रगट उत्सव का यह 50 वां वर्ष है। गुरुवार को प्रातः शुभांगी मोने, वंदना जोशी, मंजिरी शास्त्री ने गजानन महराज विजय ग्रंथ का क्रमिक पारायण 63 भविको द्वारा किया। श्याम भेदी के पौरोहित्य में यजमान अनिरुद्ध एवं शिल्पा नगरकर ने संत श्री गजानन महाराज की प्रतिमा का अभिषेक पूजन एवं महाआरती की। इसके उपरांत सभी भविको के लिए संत गजानन महाराज का मुख्य भोग, प्रसाद झुनका भाकर एवं शीरा वितरण किया गया।

## पं. चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ी को जन-जन के मन में बसाया



**बिलासपुर।** लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार, पत्रकार, छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष पद्मश्री श्यामलाल चतुर्वेदी की 99 वीं जयंती गुरूवार को उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाई गई। इस मौके पर राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. विनय पाठक ने कहा कि पं चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ी को जन -जन के मन में बसा दिया। नवनिर्वाचित महापौर पूजा विधानी ने कहा कि पं चतुर्वेदी ने छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य के विकास के लिए अप्रतिम योगदान दिया।

कार्यक्रम में पद्मश्री चतुर्वेदी की जन्म शताब्दी पर वृहद साहित्यिक आयोजन करने की रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर साहित्यकार, पत्रकार और बुद्धीजीवी पहुंचे। डा. पाठक ने कहा कि पं. चतुर्वेदी गुरतुर छत्तीसगढ़ी के प्रतीक थे। 1987 में पहली बार उनकी षष्ठीपूर्ति पर मेरे संपादकत्व में अभिनंदन ग्रंथ का प्रकाशन हुआ, जिसमें देश के लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार और छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि बुद्धीजीवी शामिल हुए।

कार्यक्रम में पार्षद संजय यादव, पूर्व पार्षद सुरेश वाधवानी, विजय यादव, डा.हेमंत कलवानी, राजेश पांडेय, शत्रुहन जैसवानी, राजू बजाज, सुरेश कुकरेजा, विष्णु कुमार तिवारी, शशिकांत अंबिका चतुर्वेदी, सूर्यकान्त ममता चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

### नई पीढ़ी के प्रेरणास्त्रोत

महापौर पूजा विधानी ने कहा कि छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी के प्रति पं. चतुर्वेदी की सोच, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्हें पद्मश्री मिलना छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ी के लिए गौरव की बात है। साहित्यकार डा. एके यदु ने कहा कि पं. चतुर्वेदी ने अपने लेखन, व्यवहार से अच्छाई और सच्चाई की भावना को समाज में फैलाया। डा. यदु ने कहा कि 'बेटी के बिदा' छत्तीसगढ़ी कविता उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी कवि सनत तिवारी ने अपनी काव्यांजलि प्रस्तुत की।

## वंदे मातरम मित्र मंडल ने परिवार एवं मित्रों के साथ देखी फिल्म छावा

**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल ने पूरे परिवार व मित्र मंडलों के साथ फिल्म छावा देखी। संयोजक महेन्द्र जैन ने बताया कि फिल्म के निर्देशक लक्ष्मण उरेकर ने बड़ी खूबसूरती से मुगलों द्वारा किए गए क्षत्रपति संभाजी महाराज पर अमानुषिक अत्याचार बर्बरता को फिल्म में ऐसा दर्शाया है कि दर्शक ऐसे वीभत्स दृश्य की कल्पना भी नहीं कर सकते।

फिल्म का आखिरी आधा घंटा मुगलों के अत्याचार-अमानुषिक कृत्यों की ऐसी कहानी है, जो प्रत्येक दर्शक के मन में आक्रोश, घृणा भर देती है एवं प्रत्येक की आंखों में आंसूओं का सैलाब उमड़ पड़ता है। फिल्म देखने प्रमुख रूप से प्रदीप देशपांडे, एस. एन. तिवारी, जय सिंह चंदेल, सुभाष चंद्र मिश्रा, अरुण जैन, डा. जेठू साहू, सौरभ दुवे, पी.पी. सोनी, बालगोविंद अग्रवाल, प्रफुल्ल मिश्रा, डा. पी.सी. वासल, रजनी वासल, डा. मनीष अग्रवाल, डा. एकता अग्रवाल, धनंजय गोस्वामी, डा. एस.के. दत्ता, डा. गौरी दत्ता, डा. अविजित रायजादा, डा. भावना रायजादा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



सम्मान

## हीरानंद को निगरानी समिति का सदस्य बनाए जाने पर कैट ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** कैट बिलासपुर के सचिव हीरानन्द जयसिंह को केंद्र सरकार द्वारा संचालित नेहरू युवा केन्द्र समिति में संचालन व निगरानी समिति का सदस्य बनाए जाने पर कैट बिलासपुर इकाई द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा ने कहा ये सभी व्यापारी बंधुओं और कैट परिवार के लिए गर्व की बात है कि भारत सरकार एवं युवा मंत्रालय के अंतर्गत युवाओं को रोजगारपक शिक्षा कार्यक्रम समिति में कैट सचिव हीरानंद जयसिंह को समिति का सदस्य बनाया गया। इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, अध्यक्ष बिलासपुर किशोर पंजवानी, महामंत्री आशीष अग्रवाल, सुरेंद्र अजमानी, अनिल गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, सह सचिव हरदीप होरा, विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा,मंडल, दिलीप खंडेलवाल, निहारिका त्रिपाठी, प्रतिज्ञा सिंह, रेशू, फिरोज आलिम, बिंदु कुछवाहा, बबीता ताम्रकर, परमजीत उबेजा व कैट के सदस्य मौजूद थे।

# बीएसीएल कमेटी द्वारा चार मैच का आयोजन, विकास बने मैन ऑफ द मैच

स्पोर्ट्स न्यूज

**बिलासपुर।** बीएसीएल कमेटी द्वारा आयोजित रामा बीएसीएल में खेले गए 2 मुकाबले जिसमें दिन के पहले मैच में स्टैक्ट वॉरियर ने वाय सी शूटर्स को 12 रन से हराया। स्टैक्ट वॉरियर की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाले संदीप सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने 24 रन बनाए एवं 3 विकेट भी प्राप्त किए।

शुक्रवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में आर के पैंथर्स ने एसजेडी राइजर को 27 रन से हराया। आर के पैंथर्स ने प्रियंक राठी के 62 एवं शुभम सिंह ने 33 रन के योगदान की बदौलत 145 रन का लक्ष्य एसजेडी राइजर के सामने रखा, जिसका पीछा करते हुए एसजेडी राइजर की टीम 118 रन ही बना पाई। एसजेडी राइजर की तरफ से अंचल म्हात्रे ने 54 एवं संजय शुक्ला ने 35 रन का योगदान दिया। इस मैच का मन ऑफ द मैच प्रियंक राठी रहे। प्रथम मैच में एडीपी अवेंजर्स ने परांजपे चैंपियंस को 75 रनों के भारी अंतर से हराया। एडीपी की ओर से विकास चंद्राकर ने 51 एवं सुशांत ने 49 रन बनाए एवं परांजपे चैंपियंस के रोहिशेक वर्मा ने 5 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी परांजपे चैंपियन की टीम 117 रनों पर ऑल आउट हो गई। एडीपी अवेंजर्स के सत्येंद्र गुलेरी ने 4 विकेट प्राप्त किए। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले विकास चंद्राकर को मैन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया। इन मैचों को आयोजित करने में बीएसीएल आयोजन समिति के सदस्य पवन केसरवानी, योगेंद्र पाण्डेय, ऋषि शर्मा, अतुल केसरवानी, दीपक अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार, संदीप सिंह, शीरीन मल्लेवार, शत्रुघ्न विश्वकर्मा, अनिल गुलाटी आदि ने प्रमुख भूमिका निभाई।



### एम एस जायंट्स व शर्मा बॉक्स ने जीता मैच

दूसरा मैच वाय सी शूटर्स एवं एम एस जायंट्स के मध्य खेल गया, जिसमें एमएस जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाकिब अहमद के 36 एवं सच्चिदानंद यादव के 32 रनों की मदद से 157 रन का लक्ष्य वायसी शूटर्स के सामने रखा, जिसका पीछा करते हुए वाय सी शूटर्स की टीम 126 रन ही बना पाई, जिसमें सचिन निधि ने 64 रन बनाए। इस मैच का मन ऑफ द मैच शाकिब अहमद को प्रदान किया गया। तीसरा मैच सिन्हा स्वेगर्स एवं शर्मा शॉक्स के मध्य खेल गया। जिसमें शर्मा शॉक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अमित म्हात्रे की 81 रनों की पारी की मदद से 148 रनों का लक्ष्य सिन्हा स्वेगर्स के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए सिन्हा स्वेगर्स की टीम 104 रन ही बना पाई। सिन्हा स्वेगर्स की ओर से जिसमें कप्तान योगेंद्र पाण्डेय ने 41 रनों की पारी खेली।

### प्रशासन विभाग व पुराना चावल ने जीता मैच



गुरू घासीदास विश्वविद्यालय एसोसिएशन द्वारा आयोजित सद्भावना खेलकूल प्रतियोगिता में आज प्रशासन विभाग एवं फार्मेसी विभाग के मध्य मैच खेला गया। जिसमें प्रशासन पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिदीप तिवारी 43 रन एवं जे.पी.एक्का 41 रन की बदौलत 128 रन का स्कोर बनाया। जवाब में फार्मेसी विभाग की तरफ से योगेश ने सर्वाधिक 41 बनाये और 7 विकेट खोकर सिर्फ 107 रन ही बना सकी। टीम मैनेजर प्रदीप सिंह द्वारा प्रशासन के खिलाड़ियों को बधाई दी। दूसरा मैच पुराना चावन और टेक टाईटन के बीच खेला गया। जिसमें टेक टाईटन पहले बल्लेबारी करते हुए सिर्फ 66 रन ही बना सकी। जवाब में पुराना चावल की तरफ से गंगे 30 रन एवं रामबाबु 33 ने महज 3.4 ओवर में ही जीत दर्ज कर लिया।

### बास्केटबॉल खिलाड़ी देवयानी का भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम में चयन




रेलवे की महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी दिव्यानी गंगवाल का सिलेक्शन भारतीय महिला टीम हुआ है। पिछले चार वर्षों में महिला टीम का प्रदर्शन सामान्य रहता था, लेकिन इस वर्ष महिला बास्केटबॉल टीम अखिल भारतीय रेलवे बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए चतुर्थ स्थान पर रहीं। दिव्यानी ने गुजरात में आयोजित सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में सबसे अधिक पॉइंट्स बनाकर रिकॉर्ड स्थापित किया था। इस प्रदर्शन के आधार पर ही दिव्यानी का चयन भारतीय महिला कैंप में हुआ। यह कैंप चेन्नई तमिलनाडु में आयोजित हुआ था, जिसमें 20 लड़कियों ने भाग लिया था। दिव्यानी की इस उपलब्धि पर रेलवे महाप्रबंधक, अपर महाप्रबंधक, खेल संघ मुख्यालय अध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव, बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी ने शुभकामनाएं दी।

## खबर संक्षेप

### अब बढ़ेगी रेल अंडरपास के कार्य की रफ्तार

**कोरबा।** औद्योगिक नगर कोरबा में रेलवे क्रासिंग की भरमार होने के कारण आवागमन में चुनौती पेश आ रही है। लोगों को हर रोज इससे परेशान होना पड़ रहा है। अरसे से चल रही नाराजगी के बाद संजय नगर क्षेत्र में पहला रेल अंडरपास स्वीकृत हुआ है। प्रारंभिक औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाना जारी है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के साथ इस काम से संबंधित टेंडर के पास होने की रफ्तार बढ़ी है। यह काम पूर्ण होने से निर्माण एजेंसी सेतु निगम के द्वारा निर्माण को शुरू किया जाएगा। कोरबा के प्रथम रेल अंडरपास का निर्माण नई बस्ती क्षेत्र के अंतर्गत संजय नगर-स्टेशन मार्ग पर किया जाना है। 30 करोड़ रुपए इस प्रोजेक्ट पर खर्च होना अनुमानित है।

## निधन

### भरत प्रसाद पाण्डेय



**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड निवासी भरत प्रसाद पाण्डेय अफरीद वाले का 20 फरवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम अफरीद चाम्पा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे हर्ष पाण्डेय, जय हर्ष पाण्डेय व नीलम शर्मा के पिता थे।

### सैंडलीना जार्ज



**करगी रोड कोटा।** वार्ड क्र 7 निवासी सैंडलीना जार्ज पति जी पीटर उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार को हो गया। शुश्री सैंडलीना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कोटा में जार्ज सिस्टर के नाम से जानी जाती थीं। उनका अन्तिम संस्कार फिरंगी पारा कब्रिस्तान में शुक्रवार को सुबह 4 बजे किया जाएगा। वे आईवन पीटर, साइमन पीटर, प्रनिता पीटर की मां थीं।

### आने-जाने का पूरा खर्च उठाकर प्रत्याशियों ने बुलाया

# पलायन कर चुके मजदूरों को बुलाकर कराया मतदान

पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों ने वोट पाने में पूरा जोर लगा दिया है। यहां तक कि पलायन करके दूसरे राज्यों में कमाने-खाने गए गांवों के खेतिहर मजदूरों का पूरा खर्चा उठाकर उन्हें बुलवाया गया है, ये मजदूर मतदान कर फिर वापस चले जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले से हर वर्ष बड़ी संख्या में ग्रामीण, खेतिहर मजदूरों का पलायन होता है। ये ग्रामीण धान की कटाई, मिसाई जैसे खेती-किसानी का काम पूरा होते ही गांव छोड़कर छत्तीसगढ़ से बाहर दूसरे राज्यों में कमाने-खाने चले जाते हैं। जिले के मस्तूरी, बिल्हा जैसे कई एरिया है जहां गांव खाली हो जाते हैं। अब पंचायत चुनाव में कई गांवों में पलायन वाले लोग अभी वोट डालने आए हुए हैं। क्योंकि पंचायत चुनाव में एक-एक वोट की कीमत होती है। चुनाव लड़ने वाले पंच-सरपंच प्रत्याशी भी एक-एक वोट पाने पूरा का पूरा जोर लगा रहे हैं, इसलिए प्रत्याशी आने-जाने का पूरा खर्चा उठाकर उन्हें अपने पक्ष में वोट डलवाने वापस गांव लाए हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनके घर, परिवार के लोग या रिश्तेदार पंच-सरपंच का चुनाव लड़ रहे हैं।



#### हजारों की संख्या में होता है पलायन

वैसे तो पूरे छत्तीसगढ़ से पलायन होता है और बिलासपुर जिले से भी हर साल हजारों की संख्या में पलायन कर ग्रामीण मजदूर कमाने-खाने जाते हैं। यहां से उत्तर प्रदेश के जम्मू-कश्मीर, दिल्ली आदि जगहों पर मजदूर कमाने जाते हैं। ज्यादातर लोग बाहरी राज्यों में जाकर ईंट भट्ठों में काम करते हैं और उन्हें पलायन कर यहां से बाहर ले जाने के लिए कई मजदूर ठेकेदार सक्रिय रहते हैं। पलायन करने वाले मजदूरों का मानना है कि उन्हें दूसरे राज्यों में यहां से ज्यादा पैसा मिलता है।

#### गाजियाबाद से आई अमरावती बाई



पंचायत चुनाव के पहले चरण में जिले के मस्तूरी ब्लॉक में 17 फरवरी को चुनाव हुए, जिसमें बड़ी संख्या में पलायन वाले लोग अपने गांव वोट डालने पहुंचे थे, क्योंकि जिले में सर्वाधिक संख्या में पलायन मस्तूरी क्षेत्र से ही होता है। इसी तरह पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को बिल्हा ब्लॉक में चुनाव रहा। इसमें भी पलायन वाले ग्रामीण, मजदूर बड़ी संख्या में अपने गांव वोट डालने के लिए आए हैं, क्योंकि मस्तूरी के बाद दूसरे नंबर पर बिल्हा क्षेत्र से ज्यादा पलायन होता है। बिल्हा क्षेत्र में चुनाव के दौरान ग्राम पंचायत ढेका में पलायन से लौटे ग्रामीणों में अमरावती बाई केंवट नामक महिला खेती-किसानी का काम होने के बाद परिवार सहित गांव से पलायन कर गई थी और उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के ईंट भट्ठे में काम करने गई थी। उसका परिवार केवल पंचायत चुनाव में वोट डालने के लिए गाजियाबाद से वापस गांव आए हुए हैं।

#### वोट डालने भोपाल से गांव लौटी मीनाबाई



पलायन करके मध्य प्रदेश कमाने-खाने गई ग्राम ढेका की एक और परिवार पंचायत चुनाव के लिए वापस गांव आई है। ढेका की मीनाबाई और उसका परिवार कमाने-खाने भोपाल गए हुए थे और आज चुनाव में मतदान करने के लिए एक दिन पहले ही वह अपने परिवार के साथ वापस गांव लौटीं है। मीना ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में आज मतदान किया है और उसके बाद वे फिर पलायन करके अपने काम पर लौट जाएगी।

### शिक्षिका ने बच्ची को स्लेट से मारा, फट गया सिर

**नवागढ़।** नवागढ़ के एक निजी स्कूल की शिक्षिका ने आवेश में आकर मासूम बच्ची की स्लेट से पिटाई कर दी। जिससे बच्ची का सिर फट गया। इस मामले की रिपोर्ट पालक ने नवागढ़ थाने में दर्ज कराई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 20 फरवरी को नगर पंचायत नवागढ़ के वार्ड क्रमांक 2में संचालित ज्ञान मंदिर स्कूल के केजी टू में अध्ययनरत सोनाली धीवर पिता जय कुमार के सिर को स्लेट से स्कूल की शिक्षिका ने इतनी जोर से मारा कि बच्ची का सिर फट गया। जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा और वह जोर जोर से रोने लगी। इस बात की जानकारी मिलने पर बच्ची के पिता जय कुमार धीवर स्कूल पहुंचे और उन्होंने शिक्षिका सहित संचालक को जमकर खरी खोटी सुनाई। साथ ही साथ बच्ची को अस्पताल में इलाज के लिए ले गया। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि बच्ची का सिर फट गया है और उसे 8 टांके लगाने पड़े। इस मामले की रिपोर्ट बच्ची के पिता जय कुमार ने नवागढ़ थाने में दर्ज करा दी है। इधर इस घटना से अन्य बच्चों के अभिवकों में आक्रोश पनप रहा है। स्कूल के संचालक घनश्याम जलतारे ने बताया कि स्कूल में पढ़ाने लिखने वाले स्टाफ को बच्चों से मारपीट नहीं करने निर्देश दिया गया है। बच्ची से मारपीट की बात सामने आ रही है जो दुखद है। मामले की जानकारी ली जाएगी।



## स्वच्छ सरोवर अभियान के तहत तालाबों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

तालाबों की नगरी मल्हार में वर्षों बाद स्वच्छ सरोवर अभियान के तहत पौराणिक महत्व के तालाबों की साफ सफाई शुरू हो चुकी है। चरणबद्ध तरीके से अधिकांश निस्तारी तालाबों की सम्पूर्ण सफाई की जाएगी। पिछले दिनों सीएमओ मनीष सिंह ने नगर के मेला चौक स्थित खैया तालाब की सफाई की शुरुआत करवाई थी, जिसके लिए मजदूर लगाए गए थे।

अब चुनाव सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर गुरुवार से सफाई अभियान प्रारम्भ किया गया है। नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त ने अन्य 40 मजदूरों के साथ सफाई में हाथ बढ़ाते हुए लोगों से अपील की कि तालाबों को स्वच्छ व सुंदर रखने लोगों को जागरूक होकर हम अपनी धरोहर को बचा सकेंगे। उन्होंने कहा कि नगर का हर एक तालाब से हमारी आस्था जुड़ा हुआ है और धर्मनगरी मल्हार को तालाबों की नगरी भी कहा जाता है। इसलिए तालाबों का अस्तित्व बचाने नगरवासियो को संयुक्त रूप से गंभीरतापूर्वक आगे आकर सकारात्मक सुझाव देते हुए तालाबो की सफाई में हाथ योगदान देना होगा। अभी इस महत्वपूर्ण तालाब की सफाई की शुरुआत हुई है क्योंकि 26 फरवरी से महाशिवरात्रि के अवसर पर इस स्थल पर 15 दिवसीय मेला लगेगा। यह तालाब आम लोगों व मेला में आए व्यापारियों के लिए उपयोगी होगा। इसी तरह चरणबद्ध तरीके से नैया तालाब, मोती सागर तालाब, शिवसागर तालाब, परमेश्वरा तालाब सहित अन्य महत्वपूर्ण तालाबों की सफाई होगी।

- अधिकांश निस्तारी तालाबों की सफाई की जाएगी

## नेत्र विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएशन करेंगी अनुकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



नगर की छात्रा डॉ अनुकृति केशरवानी ऑल इंडिया राउंड नीट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात एमएस आप्थेल्मोलॉजी नेत्र विज्ञान में पोस्ट ग्रेजुएशन करेंगी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित भाजपा नेता स्व निरंजन केशरवानी की पौत्री एवं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कमलेश्वर केशरवानी एवं नलिनी केशरवानी की पुत्री डॉ अनुकृति केशरवानी प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही हैं। इन्होंने 5वीं एवं 10वीं बोर्ड जैन इंटरनेशनल बिलासपुर एवं 12वीं बोर्ड केपीएस रायपुर से उत्तीर्ण किया। इनकी एमबीबीएस की पढ़ाई दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज वर्धा में हुई है। अक्टूबर 2024 में नीट पीजी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इनका चयन दत्ता मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज वर्धा महाराष्ट्र में ऑल इंडिया राउंड में आर्डर ऑफ मेरिट पर हुआ है।

## पशु चिकित्सा की टीम ने बचाई गाय की जान

**मुंगेली।** ग्राम करही में मुख्य मार्ग पर जिला एवं सत्र न्यायालय के समीप एक लावारिस गाय के बीमार होने की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर गाय की जांच कर आवश्यक उपचार प्रदान किया।

तत्पश्चात गाय को नगर पालिका मुंगेली के काऊ कैचर की सहायता से पंडरभट्ठा गौशाला में सुरक्षित पहुंचाया गया, जहां उसका आगे इलाज किया जा रहा है। गाय के उपचार में अतिरिक्त उप संचालक डॉ डीके सारस्वत एवं सहायक पशु चिकित्सक क्षेत्र अधिकारी अनिल सोनी का विशेष सहयोग रहा। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ शत्रुघ्न सिंह ने बताया कि गाय फूड पॉइजनिंग से पीड़ति थी। अधिक मात्रा में बचा हुआ भोजन खाने से मवेशियों को यह बीमारी हो जाती है, जो कई बार घातक भी साबित होती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शादी-विवाह या अन्य आयोजनों के बाद बचे हुए भोजन को खुले में न फेंकें। इसे किसी गड्ढे में डालें या उचित तरीके से निपटान करें, ताकि लावारिस मवेशियों को अनावश्यक खतरा न हो। बीमार या घायल पशु दिखे तो संपर्क करें। पशु चिकित्सा विभाग ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि यदि कहीं कोई अस्वस्थ या घायल पशु दिखे तो तुरंत मोबाइल नंबर 9827167241 पर सूचना दें।

## बूचड़खाने ले जाते 32 मवेशी जब्त, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढुकूपथरा निवासी चंद्रशेखर सिंह उम्र 20 वर्ष पिता गुलाब सिंह ने थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि वह 19 फरवरी को नेशनल हाईवे-130 घुईचुआं के पास 32 नग बैल गौवंशों को पीरू खान के द्वारा क्रूरतापूर्वक मारते हुये पैदल लेकर जा रहा था तथा लाठी डंडा से क्रूरतापूर्वक मारते भूखे प्यासे लेकर जा रहा था। पूछने पर उसने बताया कि वो बुचडखाने लेकर जायेगा उसे मना करने पर वह चंद्रशेखर के साथ गाली गलौच करने लगा। चंद्रशेखर की रिपोर्ट प पुलिस ने पीरू खान के विरूध्द पशु क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा -11(क) एवं बीएनएस की धारा 296 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया है।



## खबर संक्षेप

### मधुवा ग्राम में श्रीमद् भगवत गीता ज्ञान यज्ञ का छठवां दिन

**मस्तूरी।** श्रीमद्भगवद्गीता ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन गीता वाचिका ब्रम्हाकुमारी शशिप्रभा ने श्रद्धालुओं से कहा



कि भगवान ने गीता के 9वें अध्याय में राजयोग की गहन परिभाषा बतलाई है। आत्मा से परमात्मा का सर्वोच्च संबंध सर्वोच्च मिलन ही राजयोग है। राजयोग में ज्ञान योग, बुद्धि योग, समत्व योग, हठ योग, भक्ति योग सभी समाहित हैं। इसलिए राजयोग को सर्व योगों का राजा कहा गया है। उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य एक सर्वोच्च प्राणी है। संसार में भगवान ने हमें खाने के लिए मेवा, मिष्ठान, फल सहित बहुत कुछ दिया है लेकिन मानव सब कुछ छोड़कर वह खाता है जो खाने की वस्तु ही नहीं है। किसी भी जीव को अपना आहार बनाना सबसे बड़ा कुकृत्य है। कर्मफल अनुसार इसकी बहुत कड़ी सजा मनुष्य को भोगनी पड़ती है, क्योंकि जीव हत्या महापाप है। साथ ही उन्होंने कहा किगीता ज्ञान यज्ञ में आप सभी ग्रामवासी दक्षिणा स्वरूप अपनी कमी, कमजोरी व बुराइयों का दान मुझे दें तो यह आयोजन सफल माना जाएगा। इससे आपके मन में हल्कापन, संतुष्टता व खुशी का संचार होगा।

### आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक का निधन



**गौरेला।** जीपीएम जिले के पुराने संघी नेता और लोकतंत्र सेनानी दिनेश ताम्रकार का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। जैसे ही यह खबर लोगों को मिली क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। दिनेश ताम्रकार जिले के सबसे पुराने संघ के नेताओं में सम्मिलित थे, जिन्होंने लंबे समय तक आरएसएस के जिला संघ चालक के पद पर रहते हुए संघ के कार्यों का विस्तार किया। साथ ही उन्होंने आपातकाल के समय जेल में रहकर लोकतंत्र की रक्षा की और उस समय की तत्कालीन सरकार से लोहा लिया। उनके असामयिक निधन से संयमसेवकों में काफी दुख का माहौल है। स्थानीय जिला पुलिस प्रशासन द्वारा उनके पार्थिव देह पर तिरंगा अर्पित किया गया एवं मुक्तिधाम में उन्हें पुलिस के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही उनकी धर्मपत्नी को संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे के द्वारा सम्मान राशि का चेक प्रदान किया गया। श्री ताम्रकार को उनके देश प्रेम, मातृभूमि की सेवा एवं जनकल्याण के लिए सदैव याद किया जाएगा। उनके अंतिम दर्शन में जिले के सभी संघ के नेता व भाजपा नेताओं सहित स्थानीय लोग एवं पुलिस के आला अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक मोहन भागवत अमरकंटक प्रवास के दौरान गौरेला पहुंचे थे तब उन्होंने अल्प समय के लिए दिनेश ताम्रकार के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की थी।

### अजगल्ले की अध्यक्षता में जिला न्यायालय में हुई बैठक



**मुंगेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में 8 मार्च को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्र कुमार अजगल्ले की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर में 19 फरवरी को बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बैंकों को प्री-लिटिगेशन प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाने तथा मिलने वाली छूट की जानकारी पक्षकारों को देने के संबंध में चर्चा की गई, ताकि नेशनल लोक अदालत में राजीनामा होने वाले प्री-लिटिगेशन प्रकरणों के छूट का लाभ मिले और अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष व प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंचन लता आचला, बीमा कंपनी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी तथा संबंधित संस्थाओं के अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### आत्महत्या करने जा रहे युवक को पुलिस ने बचाया

**जरहागांव।** क्षेत्र के डोमनपुर में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां अश्वनी कुमार नामक युवक



ने स्वयं 112 को सूचना देकर बताया कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। उसकी बात सुनकर पुलिस हरकत में आई और तत्काल जरहागांव पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार डोमनपुर निवासी अश्वनी कुमार भास्कर गांव के नवनिर्वाचित सरपंच संतोष खांडे को बधाई देने उसके घर गया था। सरपंच की पत्नी ने शराब में धुत देखकर उसे डांट दिया जिसे वह खुद को बेहद अपमानित महसूस किया एवं आत्महत्या करने का मन बना लिया। वह अपने घर से साड़ी लेकर मुक्तिधाम की ओर जा रहा था, इसी दौरान उसने 112 को फोन कर मामले मामले की जानकारी दी। इसके बाद वह बबूल की झाड़ में चढ़ गया।


# कोटा कांग्रेस में मचा घमासान, निकाय चुनाव के बाद इस्तीफे का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद कोटा कांग्रेस में घमासान शुरू हो गया है। पेंड्रा से कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर आपत्ति जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष को पत्र लिखा है, वहीं दूसरी ओर जिलाध्यक्ष ने कोटा विधायक से सवाल पूछा है कि निष्ठावान कांग्रेसजन ने पार्टी से दूरी क्यों बना ली।

- कांग्रेस प्रत्याशी ने जिला अध्यक्ष के बयान पर जताई आपत्ति

नगरीय निकाय चुनाव के परिणाम आने के बाद कोटा कांग्रेस की अंदरुनी राजनीति में खलबली मच गई है। जोड़ने और तोड़ने का सवाल उठने लगा है। कुछ कांग्रेसी नेता यह सवाल उठा रहे हैं कि संगठन ने आखिर इतनी सख्ती बरती क्यों। कोटा विधानसभा क्षेत्र आखिर ऐसा क्या हो रहा है जिससे कांग्रेस में बिखराव की स्थिति बन गई है। सवाल उठने के साथ ही इशारा भी हो रहा है कि किनकी कार्यशैली कैसी है और जोड़ने व तोड़ने का काम किसके इशारे पर और कौन कर रहा है। इसके साथ ही कांग्रेस में इस्तीफे का दौर भी शुरू हो गया है। नगरीय निकाय चुनाव के दौर में वर्षों से कांग्रेस संगठन में काम करने वाले तीन ब्लॉक अध्यक्षों सहित दो नगर पालिका अध्यक्षों ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेंड्रा के अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास ,पेंड्रा नगर कांग्रेस अध्यक्ष जय दत्त तिवारी, गौरेला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमोल पाठक ने पार्टी छोड़ दी। पार्टी छोड़ने का सिलसिला यहीं नहीं थमा। पूर्व पेंड्रा नगर पालिका अध्यक्ष इक़बाल सिंह, रतनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सूर्या पार्टी छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने मजबूर हुए। नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान ने भी कांग्रेस छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत हासिल की।



### जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय ने पूछे सवाल

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव से पूछा है कि कोटा विधायक बताएं कि जिनकी मेहनत और कठोर परिश्रम के दम पर जीत हासिल कर विधानसभा पहुंचे आखिर ऐसा क्या हुआ कि निष्ठावान कांग्रेसजनों ने पार्टी से ही दूरी बना ली। पार्टी को तोड़ने का काम कौन कर रहा है और जोड़ने का काम कौन। यह सब कांग्रेसजन तो देख ही रहे हैं प्रदेश के पदाधिकारी भी अच्छी तरह देख और समझ रहे हैं।

### पंकज ने बैज को लिखा पत्र



पेंड्रा नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पंकज तिवारी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के बयानों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि चुनाव के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयदत्त तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इकबाल सिंह, राकेश जालान सहित कई कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया। इसके बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी को मात्र 199 मतों से हार का सामना करना पड़ा और कांग्रेस पार्टी दूसरे स्थान पर रही। पंकज ने बताया कि नगर पालिका पेंड्रा में कुल 9 हजार 2 सौ 16 मतों में से कांग्रेस को 4 हजार 9 सौ 67 मत प्राप्त हुए। यह आंकड़ा हाल ही में हुए विधानसभा और लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मिले मतों से अधिक है। यह दर्शाता है कि पेंड्रा में कांग्रेस के प्रति सकारात्मक माहौल है। कोटा विधानसभा के विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में नगर पालिका पेंड्रा के आम मतदाताओं ने कांग्रेस के प्रति समर्थन दिखाते हुए नगर पलिका पेंड्रा में कांग्रेस के माहौल को बनाए रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि विजय केशरवानी के बयानों से कार्यकर्ताओं का मनोबल गिर रहा है और आम जनता में कांग्रेस की छवि धूमिल हो रही है।

## 100 साल के बुजुर्ग दंपती ने किया मतदान

# परिवार के साथ गृहग्राम में मतदान करने पहुंचे तोखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

त्रिस्तरीय पंचायत में एक रिकार्ड कायम हुआ जहां ग्राम पंचायत गाड़ाटोला के आश्रित ग्राम गोविंदपुर निवासी 101 वर्षीय रामसहाय मंगेशकर अपनी 98 वर्षीय पत्नी खेलतीन बाई मंगेशकर को लेकर स्वंय अपनी बाइक से मतदान स्थल पहुंचे एवं मतदान किया। उनके उत्साह को देखकर ग्रामीणों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। ग्राम डिंडौरी में केन्दीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने अपने परिवार सहित मतदान किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अपने मतों का अधिकार जरूर करना चाहिए। पांच वर्षीय लोकतांत्रिक उत्सव में हम सभी का योगदान आवश्यक है। बेहतर विकास एवं योग्यता का इससे अच्छा अवसर नहीं मिल सकता है। इस अवसर पर उनके पिता, पत्नि, पुत्र एवं भाई सहित परिवार के लोग उपस्थित रहे। डिंडौरी के मतदान केंद्र क्रमांक 244 में शांतिपूर्वक मतदान हुआ एवं समय अनुसार मतदाताओं की कतार लगी रही। मतदान के दौरान पुलिस एवं प्रशासन की टीम, सेक्टर मजिस्ट्रेट सीपी सोनी, पटवारी सत्यम पात्रे, कोटवार एवं पुलिसवाले मौके पर मौजूद रहे। मतदान के लिए महिलाओं के लिए अलग कतार लगाई गई। साथ ही बुजुर्ग एवं दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। श्री साहू ने अपने परिवार के साथ मतदान करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, ₹मैं अपने परिवार के साथ मतदान करने के इस अवसर को बहुत महत्वपूर्ण मानता हूं। यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें और इसके लिए हमें चुनावों में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री तोखन साहू के पिता श्री बलदाऊ साहू, धर्मपत्नी श्रीमती लीलावती साहू, सुपुत्री हिमानी साहू, पुत्र निखिल साहू,भाई पोषण साहू,टीकम साहू, ताकेश्वर साहू पुरा परिवार ने मतदान किये।



अपने गृहग्राम में परिवार समेत वोट डालने पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू।

विवाह से पहले किया युवती ने किया मतदान-

ग्राम अखरार के मतदान केन्द्र क्रमांक 04 में एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब नवविवाहित युवक मिथलेश जायसवाल और उनकी बहन महारानी जायसवाल ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। मिथलेश जायसवाल की शादी हाल ही में 18 फरवरी को संपन्न हुई थी, जबकि उनकी बहन महारानी की बारात आज ही आने वाली है। बावजूद इसके, दोनों ने पहले अपने नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता दी और मतदान केंद्र पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत करने की पहल की। खास बात यह रही कि महारानी जायसवाल ने दुल्हन के पारंपरिक परिधान में मतदान किया, जिससे अन्य मतदाताओं को भी मतदान के प्रति प्रेरणा मिली। मतदान के बाद दोनों ने कहा, मतदान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।



### एसडीएम, तहसीलदार ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**बोदरी।** एसडीम बजरंग वर्मा व तहसीलदार बोदरी संदीप कुमार साय ने संयुक्त रूप से बिल्हा जनपद के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने भरारी, झलफा और पेंड्रीडीह में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने लम्बी कतार में खड़े वोटर्स से एसडीएम बजरंग वर्मा ने चर्चा की। साथ ही उन्होंने मतदान दलों से भी मुलाकात कर मतदान प्रतिशत और अन्य जानकारियों ली। इस दौरान बिल्हा में स्ट्रांग रूम का भी अवलोकन किया। लोगों में मतदान के प्रति काफी उत्साह देखा गया, यहां लगभग 70 फीसदी मतदान होने का अनुमान है। मतदान के बाद इन्हीं केंद्रों पर मतों की गणना भी शुरू की गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी हिर्री किशोर केवट उपस्थित थे।

- बिल्हा जनपद में दूसरे चरण का मतदान संपन्न

### जपं क्षेत्र 3 नागोपहरी में बारमते की ऐतिहासिक जीत

**सेतगंगा।** मुंगेली। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 नागोपहरी में जानकी नेमसिंह बोगी बारमते ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वियों को बड़े अंतर से पराजित करते हुए क्षेत्र में अपनी लोकप्रियता और मजबूत जनसमर्थन का प्रमाण दिया है। चुनाव परिणाम घोषित होते ही उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जश्न मनाया। जानकी नेमसिंह बोगी बारमते ने अपनी जीत पर जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र से लगातार 25 साल से बारमते परिवार को जनता का आशीर्वाद मिलता आ रहा है। यह जीत मेरी नहीं, बल्कि क्षेत्र की देवतुल्य जनता की है। मैं सभी मतदाताओं का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। आने वाले समय में मैं क्षेत्र के विकास और जनहित में पूरी ईमानदारी से कार्य करूंगा। गौरतलब है कि इस चुनाव में जानकी नेमसिंह बोगी बारमते का मुकाबला कई मजबूत प्रत्याशियों से था, लेकिन उन्होंने अपनी सूझबूझ, जनसंपर्क और विकास की प्रतिबद्धता के दम पर शानदार विजय हासिल की। उनकी जीत से नागोपहरी क्षेत्र में नई उम्मीदों का संचार हुआ है। जनता को उनसे विकास कार्यों की बड़ी अपेक्षाएं हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं ने भी जानकी नेमसिंह बोगी बारमते को बधाई देकर उनके नेतृत्व की सराहना की।



विजयी प्रत्याशी जानकी नेमसिंह बोगी।

### मस्तूरी जनपद क्षेत्र क्रमांक 2 में निकाला गया जुलूस



**खम्हरिया।** बिटकुला क्षेत्र क्रमांक 2 से अंकिता अजय पांडेय ने जनपद सदस्य के लिए जीत हासिल की। कुकदा, मड़ाई, बिटकुला, उड़ागी, बसहा जनपद पंचायत से जीत प्रमाण पत्र मिलने के पश्चात उनके समर्थकों ने गांव में विजय जुलूस निकाला, जिसमें इसमें गांव भर के लोग शामिल रहे। जुलूस के दौरान उन्होंने क्षेत्र के बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके समर्थक उत्साह के साथ डीजे की धुन पर थिरकते रहे। अंकिता ने जपं क्षेत्र के सभी पांचों पंचायतों के लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अरविंद पांडेय, लीलेश पटनवार, दिलहरण साहू, राजू पटेल, बरकत अली, सोनामणि पाटनवार, सहित विशाल जनसमूह व समर्थक उपस्थित रहे।

### प्रथम चरण में सरपंच, जपं सदस्य जिपं सदस्यों का निर्वाचन

**धरमपुरा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के चुनाव में मुंगेली जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत धरमपुरा में रानी अजय गोस्वामी सरपंच निर्वाचित हुईं। यहां तीन प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे जिसमें रानी अजय गोस्वामी ने 510 वोट से जीत हासिल की। ग्राम पंचायत सोढार से सुनीता बजरंग राजपूत ने 454 वोटों से चुनाव जीत दर्ज किया एवं ग्राम पंचायत छतौना से किरण श्रीकांत कश्यप ने 303 वोट से विजयी हुईं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पदमपुर से अनिल जायसवाल, ग्राम पंचायत लोहडीया से आशा शंभु कश्यप एवं ग्राम पंचायत कुंवागांव से मयाराम साहू सरपंच निर्वाचित हुए। जनपद सदस्य के लिए जनपद क्षेत्र धरमपुरा से निकिता रतिदास धृतलहरे, जनपद क्षेत्र धनगांव गो से पवन पाण्डेय, दशरंगपुर से पुष्पलता मोहले, छतौना से रीना साहू एवं जनपद क्षेत्र पदमपुर से गोविन्द मोहले ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। इसी प्रकार जिलापंचायत सदस्य के लिए धरमपुरा क्षेत्र से उमाशंकर साहू एवं जिला पंचायत क्षेत्र दशरंगपुर से श्रीकांत पाण्डेय ने ऐतिहासिक जीत हासिल की।



### 24 मतों से जीत हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुईं सरिता



**सीपत।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के दौरान ग्राम कौड़िया से सरिता परमेश्वर साहू 24 ने मतों से जीत हासिल कर सरपंच निर्वाचित हुईं। सरिता को कुल 770 मत प्राप्त हुए। सरपंच सरिता परमेश्वर ने बुधवार को मस्तूरी जाकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। उन्होंने सभी जनता का आभार जताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत कौड़िया के विकास, जनहित तथा किसानों के लिए निष्पक्ष रूप से कार्य करेंगे। ग्राम में शांति, एकजुटता के साथ विकास को गति प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### बस के नीचे आने से परिचालक की मौके पर हुई मौत

**तखतपुर।** बस में सवारी बैठाने के लिए चलती बस से नीचे उतरते हुए बस के परिचालक का संतुलन बिगड़ गया एवं वह बस की चपेट में आ गया।



घटना में परिचालक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जरहागांव थाना अंतर्गत बरेला निवासी राममिलन तिवारी मां शारदा ट्रेवल्र्स की बस क्रमांक जीसी 10 एक्यू 7732 में परिचालक का काम करते थे। बुधवार को बस कवर्धा से बिलासपुर की ओर आ रही थी तभी लगभग 1:30 बजे जरहागांव थाना अंतर्गत ग्राम फरहदा मोड़ के पास यात्री को बस बैठाने के लिए राममिलन तिवारी चलती बस से उतरे। बस की गति तेज होने के कारण राममिलन अनियंत्रण होकर गिर पड़े एवं बस के नीचे आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना तखतपुर थाना प्रभारी देवेश राठौर को फोन कर दी गई। पुलिस बस को तखतपुर बस स्टैंड में रोककर थाने ले गई एवं चालक रोहित कुमार साहू को हिरासत में लेकर जरहागांव थाने को सूचित किया गया।

- सवारी बैठाने चलती बस से उतरने के दौरान हुआ हादसा

### रोहित सहित 11 कांग्रेस पार्षदों को किया गया सम्मानित

**मुंगेली।** शहर कांग्रेस कमेटी मुंगेली की ओर से नगर पालिका मुंगेली के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान समारोह नगर के पड़ाव चौक स्थिति कांग्रेस भवन में आयोजित किया गया। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला सहित नगर के सभी 11 कांग्रेस पार्षद शामिल हुए जिनका कांग्रेस के वरिष्ठजनों सहित कार्यकर्ताओं ने गुलाल लगाकर सम्मान किया।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि नगर पालिका चुनाव मे कांग्रेस को एक बड़ी जीत दर्ज हुई है, जिसको लेकर सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि सम्मानित पार्षदों में अरविंद वैष्णव, सूरज यादव, प्रतिमा रवि कोशले, विनय चोपडा, आयशा मकबूल खान, संजय चंदेल, रामकिशोर देवांगन, अजय साहू, कुलदीप पाटले, दिलीप सोनी, गौरी श्रवण सोनकर शामिल हैं। कार्यक्रम में अर्जुन तिवारी, आलोक सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी, पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय, पूर्व विधायक चुरावन मंगेशकर, थानेश्वर साहू, संजय यादव, अभिलाष सिंह, दीपक गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला रमेश यादव, नूरजहां, मंजू शर्मा, ललिता सोनी, देवेंद्र वैष्णव, राजेश छेदईयां आदि मौजूद थे।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का सम्मान।

### आम सूचना

मैं अपने आसामीगण की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय का सूचना पत्र सर्वसाधारण को प्रेषित करता हूँ कि :- भूमि मौजा रानीगांव, प.ह.नं. 11, तह0 रतनपुर, जिला बिलासपुर, ख.नं. क्रमशः 1817, 1818 कुल रकबा 0.78 ए. को क्रय करने का सौदा आशीष चौरसिया से मेरे आसामीगण द्वारा किया गया हैं, तथा अग्रिम ब्याना राशि का भुगतान चेक व नगद के माध्यम से कर दिया गया हैं, जिसकी निकट भविष्य में उभय पक्षकारों द्वारा रजिस्ट्री करा लिया जावेगा, अतः इस क्रय विक्रय में कोई व्यक्ति, संस्था शासकिय या गैर शासकिय निकाय, बैंक, या अन्य को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज दर्ज करावें। समय बाधित आपत्ति अमान्य होगी। अस्तू सूचना जानें।

**भवदीय**
**किशन यादव (अधिवक्ता)**
**कार्या/नि.-राजस्व कालोनी,**
**पेठा कारखाना के सामने**
**चांटीडीह रोड, सरकंण्डा,**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.-7805928773**

### न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)

**नोटिस/समंस**

श्रीमती सतोषी साहू...वादी **विरुद्ध**
घासीराम साहू व अन्य...प्रतिवादीगण

प्रोसेस क्र. 89
व्यवाद के सिविल (ए)44/2024
पेशी ता.-22/03/2025

नोटिसी,
1. राजा साहू आत्मज श्री घासीराम साहू उम्र 45 वर्ष, 2. राजू साहू आत्मज घासीराम साहू उम्र 42 वर्ष दोनों निवासी-बुधवारी बाजार के पास नगर पंचायत के सामने मल्हार, तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.), 3. लता साहू आत्मज घासीराम साहू उम्र 26 वर्ष निवासी बहतराई थाना सरकंडा, जिला बिलासपुर छ.ग.

वादी के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आपके विरूद्ध वाद वास्ते स्वत्व की घोषणा एवं बंटवारा कराकर कब्जा तथा स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत व्यवहार वाद क्र. 44/2024 के विधिक व्यवहार वाद प्रकरण इस न्यायालय में संस्थित किया है। अतः आपको इस न्यायालय में दिनांक 22/03/2025 को दिन के 11.00 बजे आवेदन पत्र का उत्तर देने हेतु उपसंजात होने के लिये नोटिस दिया जाता है एवं आपको निर्देशित किया जाता है कि आप सभी दस्तावेज सहित जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा हेतु निर्भर रहना चाहते हैं को पेश करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो आवेदन पत्र की सुनवाई और उसकी अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये किया जावेगा। और यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्यदिवस को किया जावेगा।

आज दिनांक 14/02/25 को मेरे न्यायालय की सील मुद्रा लगाकर हस्ताक्षरित किया गया है।
दिनांक- 14/02/25
**न्यायालय श्रीमान अष्टम अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**

### रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुरता निवासी अमित क्षत्रीय ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 19 फरवरी की रात 7:30 बजे वह पूरा से अपने घर वापस आ रहा था तभी गांव के देव श्रीवास, दीपक यादव और करण यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

20 FEB- BSP-PG-7 FULL PG_Layout 1 2/20/2025 11:53 PM Page 1





20 FEB- BSP-PG-8_Layout 1 2/21/2025 12:25 AM Page 1



**खबर संक्षेप**

### अवैध शराब बेचते कोचिए गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते दो कोचियों को पकड़ लिया है। उनके पास से शराब जब्त की गई है। हिर्री पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मेड़पार निवासी गुहाराम निषाद के घर में दबिश देकर 2 लीटर महुआ शराब बरामद की है। इसी तरह गोवर्धन निषाद के घर से 2 लीटर महुआ शराब बरामद की गई है। पुलिस ने शराब जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पिकअप ने कार को मारी टक्कर, क्षतिग्रस्त

**बिलासपुर।** शिवमहापुराण में शामिल होने जा रहे कार सवार को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार,ग्राम सेलर निवासी दोमोदर धुरी 19 फरवरी को स्विफ्ट क्रमांक सीजी 10 बीव्ही, 9791 से पत्नी माया देवी धूरी के साथ शिवमहापुराण में शामिल होने चकरभाठा बस्ती जा रहे थे। चकरभाठा बस्ती के पास पिकअप क्रमांक सीजी 10 बीटी, 7785 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में पति पत्नी बाल बाल बच गए। उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने श्री धूरी की रिपोर्ट पर पिकअप ड्राइवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गुपचुप ठेला लगाने पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** गुपचुप ठेला लगाने को लेकर मामा व उसके बेटे ने रिश्तेदार के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, अमेरी चौक के पास विजय पटेल गुपचुप ठेला लगाते हैं। उसके बाजू में उसके मामा राजू पटेल व उसका बेटा रोहित गुपचुप दुकान लगाते हैं। उसके मामा व उसके बेटे ने बाजू ठेला क्यों लगाता है कहते हुए विजय पटेल के साथ हाथ मुक्का से जमकर मारपीट कर दी, पुलिस ने विजय की रिपोर्ट पर राजू पटेल, रोहित पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मुखबिरी का लगाया आरोप, युवक से मारपीट

**बिलासपुर।** पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाकर युवक के साथ मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बहतराई चौक निवासी आर्यन सूर्यवंशी गाड़ी चलाने का काम करते हैं। 19 फरवरी को रात 8.15 बजे वे अपने काम से वापस घर जा रहे थे। चाटीडीह शनिचरी मंदिर के पास भोले सोनी, शिम्मा उन्हें रोककर पुलिस का मुखबिरी करने का आरोप लगाकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट की। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर दोनों युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### यात्री सुरक्षा अभियान में अपराधियों पर निगरानी

**बिलासपुर।** ट्रेनों और स्टेशनों पर यात्री सामानों की चोरियों को करने और अन्य अपराधिक गतिविधियों पर संलिप्त अपराधियों पर नकेल कसने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत रेलवे सुरक्षा बल ने आपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान के तहत अपराधियों पर निगरानी रखी जा रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्ष 2025 में यात्री संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान आपरेशन यात्री सुरक्षा की शुरुआत की है।

**सालाना 7 फीसदी का हो रहा इजाफा** | **एचटीपीपी में प्रस्तावित 1320 मेगावाट वाले संयंत्र के लिए सरकार ने जमा नहीं की मार्जिन मनी**

# अगले 6 साल में बिजली की डिमांड बढ़ जाएगी डेढ़ गुना, नए संयंत्र का निर्माण ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में बढ़ते औद्योगिकरण से ऊर्जा की जरूरतें तेजी से बढ़ रही है। बिजली की मांग में सालाना साढ़े सात फीसदी का इजाफा हो रहा है। मांग में बढ़ोत्तरी इसी प्रकार होती रही तो वर्ष 2029-30 में राज्य को 8805 मेगावॉट बिजली की जरुरत होगी, जो वर्तमान में लगभग 6000 मेगावॉट है। यह अनुमान केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण ने 20वीं इलेक्ट्रिक पॉवर सर्वे के आधार पर लगाया है। वहीं राज्य सरकार ने अब तक एचटीपीपी संयंत्र परिसर में प्रस्तावित 1320 मेगावाट वाले विस्तार संयंत्र निर्माण के लिए मार्जिन मनी की राशि जमा नहीं की है। जिसकी वजह से संयंत्र निर्माण का काम भी ठंडे बस्ते में चला गया है।

उल्लेखनीय है कि सर्वे के आधार पर विद्युत प्राधिकरण ने बताया कि छत्तीसगढ़ की बिजली


फाइल फोटो

जरूरतें हर साल लगभग साढ़े सात फीसदी बढ़ रही है। राज्य में बिजली की मांग अप्रैल से सितंबर तक लगभग समान रहती है। जबकि अन्य माह में रात की तुलना में दिन में बिजली की खपत अधिक होती है। प्रदेश में बिजली की खपत को पूरा करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की है, जिसकी वर्तमान उत्पादन क्षमता 2840 मेगावॉट है। यह कुल खपत का लगभग 40 फीसदी है। बिजली की शेष मांग को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी को अन्य कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ता है।

वर्ष 2018 में उत्पादन कंपनी ने तय मानक से अधिक प्रदूषण फैलाने पर 440 मेगावाट क्षमता वाले कोरबा पूर्व संयंत्र के 50- 50 मेगावॉट की चार इकाइयों को बंद कर दिया था। इन इकाइयों की स्थापना वर्ष 1966- 68 में पूर्व सोवियत संघ के सहयोग से किया गया था। 31 दिसंबर 2020 को संयंत्र के 120-120 मेगावॉट की दो और इकाइयां बंद हो गई थी।

कोरबा पूर्व संयंत्र के इन इकाइयों के बंद होने से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन में कंपनी को 440 मेगावॉट की कमी हुई है। वर्ष 2029 में उत्पादन कंपनी के एचटीपीपी संयंत्र की 210 मेगावॉट की 4 इकाइयां भी बंद होने वाली है। प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग और बंद होती पुरानी इकाइयों के स्थान पर नया संयंत्र लगाने की योजना बनाई गई। इसके लिए प्रदेश की पूर्व सरकार ने कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावॉट के नए सुपर क्रिटिकल संयंत्र की स्थापना के लिए आधारशिला रखी थी। इसके लिए पर्यावरणीय सुनवाई का काम भी पूरा हो गया है। संयंत्र निर्माण के लिए 3 हजार करोड़ रुपए की लागत का अनुमान लगाया गया है। संयंत्र की स्थापना में आर्थिक सहयोग देने के लिए बैंक भी सामने आएं हैं लेकिन अब प्रदेश सरकार इस संयंत्र की स्थापना में रूचि नहीं ले रही है।

राज्य सरकार ने अब तक संयंत्र निर्माण के लिए वर्ल्ड बैंक में मार्जिन मनी जमा नहीं की है। बैंक को लोन का लगभग 20 प्रतिशत मार्जिन मनी जमा करना होता है। यही वजह है कि प्रस्तावित संयंत्र ठंडे बस्ते में चला गया है।

#### उठानी पड़ेगी आर्थिक क्षति

अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल ने कहा की प्रदेश की बिजली जरूरतें बढ़ रही हैं, इसकी पूर्ति के लिए कोरबा में 1320 मेगावॉट का संयंत्र प्रस्तावित है। संयंत्र की स्थापना तय समय में की जानी चाहिए, नहीं तो दूसरी कंपनियों पर प्रदेश सरकार की निर्भरता बढ़ती जाएगी। इससे आर्थिक नुकसान होगा। सेंट्रल सेक्टर से खरीदी जा रही बिजली में आने वाले वर्षों के दौरान और बढ़ोत्तरी होगी। 210 मेगावाट के 4 इकाईयों के बंद होने से 840 मेगावाट बिजली की अतिरिक्त खरीदी पड़ेगी।

#### वर्षवार विद्युत मांग

| वित्तीय वर्ष | मांग (मेगावॉट) |
|---|---|
| 2023-24 | 5824 |
| 2024-25 | 6232 |
| 2025-26 | 6668 |
| 2026-27 | 7165 |
| 2027-28 | 7634 |
| 2028-29 | 8168 |
| 2029-30 | 8740 |

**महिलाओं ने किया अधिक मतदान, कई पंचायतों में चुनाव के दौरान हंगामा, विवाद**

# पंचायत चुनाव दूसरा चरण: मतदाता उत्साहित, बिल्हा क्षेत्र में 75% मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में गुरुवार को बिल्हा क्षेत्र में भारी मतदान हुआ है। कई गांवों में निर्धारित से अधिक समय तक मतदाताओं की भीड़ मतदान केन्द्रों में लगी रही। बिल्हा ब्लॉक के 127 ग्राम पंचायतों में 75.98 प्रतिशत मतदान हुआ है, जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। पंचायत चुनाव के दौरान बिल्हा क्षेत्र के कई गांवों में हंगामा, विवाद की स्थिति भी सामने आई है।

बिल्हा क्षेत्र के 127 ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच सहित एक जनपद पंचायत व जिला पंचायत के पांच निर्वाचन क्षेत्रों में आज चुनाव हुए। इसके लिए 470 मतदान केन्द्र बनाए गए थे और सुबह 7 बजे मतदान शुरू हो गया था। मतपत्र और मतपेटियों के माध्यम से मतदान हुआ, जिसमें एक मतदाता को चार प्रत्याशियों को वोटिंग करना पड़ा। इसमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्रों में मुहर लगाए गए। मतदान के लिए दोपहर 3 बजे तक का समय निर्धारित था, किन्तु कई गांवों में निर्धारित से अधिक देर तक मतदान चला, क्योंकि मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भीड़ लगी हुई थी। सुबह के समय शुरुआत दो घंटे में 9 बजे तक 12 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया था और सुबह 11 बजे तक 28 प्रतिशत से अधिक मतदान पड़ते ही यह अनुमान लगाए जाने लगा था कि बिल्हा क्षेत्र में भारी मतदान हो सकता है। दोपहर 1 बजे तक मतदान का आंकड़ा 47 फीसदी से ऊपर चला गया था और अंतिम मतदान का आंकड़ा दोपहर 3 बजे के बाद आया, जिसमें कुल 75.98 फीसदी मतदान दर्ज किया गया है।


लालखदान महमंद में मतदान के लिए पहुंचे लोग।

#### महमंद समेत कई गांव में हुआ हंगामा

बिल्हा ब्लॉक में पंचायत चुनाव के दौरान कई गांवों में हंगामा और विवाद की खबर भी मिली है। ग्राम पंचायत महमंद में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नागेन्द्र राय मतदान केन्द्र के आकर खड़े हो गया था, जिससे पंचायत के बाकी पंच, सरपंच प्रत्याशियों ने मतदान प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए आपत्ति जताई। इस बात को लेकर प्रत्याशियों और नागेन्द्र राय के बीच बहसबाजी हुई, जिसके चलते वहां हंगामा की स्थिति निर्मित हो गई और पुलिस को सभी को मतदान केन्द्र के सौ मीटर दूरी के बाहर खदेड़ना पड़ा। इसी तरह ग्राम रहंगी में चुनाव के दौरान मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम नहीं होने और एक प्रत्याशी द्वारा पैसा बांटने की शिकायत को लेकर विवाद हुआ। ग्राम धौराभठा में जनपद सदस्य प्रत्याशी और सरपंच पद के प्रत्याशी चुनाव दौरान आपस में भिड़ गए थे। इसी तरह कई ग्राम पंचायतों में चुनाव दौरान विवाद, हंगामा हुआ है।

#### महिलाएं रहीं मतदान करने में आगे

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण में आज बिल्हा क्षेत्र के चुनाव में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने बढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। बिल्हा ब्लॉक में पंचायत चुनाव में कुल 2 लाख 42 हजार 148 मतदाता थे, जिनमें से 1 लाख 83 हजार 976 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 91 हजार 478 पुरुष मतदाता एवं 92 हजार 498 महिला मतदाता शामिल हैं। मतदान के बाद मतदान केन्द्रों में ही मतों की गिनती की गई।

#### कलेक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण में बिल्हा ब्लॉक में चुनाव के दौरान आज कलेक्टर अवनीश शरण व एसपी रजनेश सिंह सहित जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम भरारी, बेलतरा और पेण्ड्रीडीह में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी थी। कलेक्टर ने मतदाताओं और मतदान दलों से चर्चा की और वोटिंग की जानकारी ली। उन्होंने बिल्हा में स्ट्रांग रूम का भी अवलोकन किया।


पुराना बस स्टैण्ड चौक पर अफसरों को दिशानिर्देश देते निगम आयुक्त।

**ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने**

## निगम कमिश्नर,ट्रैफिक की टीम के साथ उतरे सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- चार प्रमुख चौक और मार्गों का मुआयना, हटाए जाएंगे अतिक्रमण और पोल

शहर की सड़कों को व्यवस्थित करने और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार और ट्रैफिक एडिशनल एसपी श्री रामगोपाल करियारे ने अधिकारियों के साथ सड़कों पर पैदल चलकर जायजा लिया।

इस दौरान फूटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसके लिए ट्रैफिक विभाग और निगम दोनों मिलकर अभियान चालाएंगे। इसके अलावा सड़कों पर गाड़ियां खड़ी कर जाम करने वालों के खिलाफ भी एएसपी ने लगातार कार्रवाई के निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर और एएसपी ने पुराना बस स्टैंड,महाराणा प्रताप चौक,मंगला चौक और मां महामाया चौक पहुंचकर चौराहे और सड़क का मुआयना किया। इस दौरान सड़क किनारे और चौक के आसपास अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है जिससे ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है। इसके अलावा बिजली और स्ट्रीट लाइट के कुछ ऐसे भी पोल को चिन्हित किया गया है जिसे शिफ्ट करने से यातायात में सुधार होगा,ऐसे सभी पोल को भी शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए है। इसके अलावा लेफ्ट फ्री रखने के निर्देश देते हुए हर चौक के लेफ्ट एरिया में किसी भी प्रकार के ठेले गुमटी,अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। साथ ही दुकानदारों को भी दुकान के बाहर पार्किंग को व्यवस्थित रखने समझाइश दिया जाएगा। निरीक्षण में निगम और ट्रैफिक अमला मौजूद रहा।

#### 14 हजार का जुर्माना

निगम के स्वच्छता पेट्रोल द्वारा सड़कों पर रखे निर्माण सामग्री और गंदगी फैलाने पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में कार्रवाई करते हुए 14 हजार 100 का जुर्माना लगाया गया है।

## सरकण्डा क्षेत्र में ई रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 4 गिरफ्तार, 16 बैटरी जब्त

**बिलासपुर।** सरकण्डा क्षेत्र में ई रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में सरकण्डा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो युवक व दो खरीददारों को पकड़कर चोरी की 16 बैटरी बरामद किया है। वहीं गिरोह का सरगना दो दिन पहले से बैटरी चोरी के मामले में जेल में बंद है। वह रायपुर से शहर में आकर गिरोह बनाकर बैटरी चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पिछले कुछ समय से सरकण्डा क्षेत्र में लगातार घरों के सामने खड़े ई रिक्शा से बैटरी चोरी हो रही थी। एसपी रजनेश सिंह ने बैटरी चोरी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकड़ने का निर्देश दिया गया। 19 फरवरी को एक ई रिक्शा चालक ने थाने में उपस्थित होकर बताया, उनके घर के पास ई रिक्शा को कुछ दूर ले जाकर उसकी बैटरी चोरी कर ली गई है। इस पर टीआई निलेश पाण्डेय, एएसआई देवेन्द्र तिवारी, प्रमोद सिंह, संजीव जांगड़े, विवेक राय एवं अन्य ने उस मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। अथक प्रयास के बाद काले रंग की एक्टिवा में युवक बैटरी लेकर भागते नजर आ रहे थे। फुटेज के आधार पर पुलिस ने चिंगराजपारा निवासी सुनील साहू पिता भरत लाल साहू 20 साल व ओम प्रकाश खाण्डे उर्फ दादू पिता राजकुमार खाण्डे 21 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर ई रिक्शा से बैटरी चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उनकी निशानदेही व खरीददार मन्नू यादव व मोतीलाल खाण्डे को पकड़कर चोरी की 16 नग बैटरी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

#### खंडहर अटल आवास में छिपाते थे बैटरी



चिंगराजपारा शासकीय स्कूल के पास स्थित अटल आवास का एक ब्लाक खण्डर हो गया है। वहां कोई नहीं रहता है। आरोपियों ने खण्डर ब्लाक को अपना ठिकाना बना लिया था। चोरी करने के बाद बैटरी अटल आवास की सिढ़ी के नीचे छिपाकर रखते थे। ग्राहक मिलने पर 10 हजार की बैटरी को डेढ़ से दो हजार में बेच देते थे।

#### सरगना जेल में बंद

गिरोह का सरगना रायपुर निवासी शिवा राजपूत रायपुर में ई रिक्शा से बैटरी चोरी करता था। पकड़े जाने वह पर शहर में आकर चिंगराजपारा में रहने लगा। उसने आरोपी सुनील साहू से दोस्ती की। उसके बाद गिरोह बनाकर रात में सरकण्डा क्षेत्र में भ्रमण कर ई रिक्शा से बैटरी करने लगा। दो दिन पहले कोनी पुलिस ने बैटरी चोरी के मामले में शिवा राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वर्तमान में वह जेल में बंद है। वहीं उसका एक साथी प्रदीप दिवाकर फरार है।

### वोट नहीं देने पर ग्रामीण से मारपीट: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** वोट नहीं देने का आरोप लगाकर ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सीपत पुलिस के अनुसार, ग्राम झलमला निवासी नियाज अहमद 19 फरवरी को परिचित से मिलने जा रहे थे। रास्ते में शाम 6.30 बजे सूर्यवंशी मोहल्ला में दीनू साहू उन्हें मिला और कहा मेरे आदमी को पंच चुनाव में वोट नहीं दिए हो कहकर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना किया तो उसने लाठी से जमकर पिटाई कर दी। पुलिस ने नियाज की रिपोर्ट पर हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### शनिचरी व कोतवाली क्षेत्र में हटाया गया अतिक्रमण

सड़को को व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने आज शनिचरी बाजार और सिटी कोतवाली से ज्वाली नाला तक सड़क और फूटपाथ पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाया। दुकानदारों द्वारा फूटपाथ पर कब्जा कर सामानों को रख दिया जाता है सड़क पर वाहनों को पार्क कराया जाता है जिससे ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है।



## मरीमाई रोड पर पेटी कारखाना सील

**बिलासपुर।** नगर निगम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए मरीमाई रोड तालापारा स्थित पेटी कारखाना को सील कर दिया है। यह पेटी कारखाना आवासीय इलाका में संचालित था, जिससे वहां काफी शोर-शराबा होता था और मोहल्लेवासी परेशान थे। इसके अलावा नगर निगम की टीम ने शहर प्रमुख मार्ग, बाजारों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की है।

मरीमाई रोड तालापारा क्षेत्र में जावेद नामक व्यक्ति द्वारा पेटी कारखाना खोला गया था, जहां पर टीन की पेटी बनाने का काम चलता था। यह पेटी कारखाना आवासीय एरिया में था, जिसके कारण आसपास रहने वाले लोगों को शोर-शराबे से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मोहल्लेवासियों की ओर से नगर निगम आयुक्त से पेटी कारखाना के संबंध में शिकायत की गई थी, जिस पर आज नगर निगम की टीम कार्रवाई करने पहुंची। निगम की टीम ने पेटी कारखाना को सील कर दिया है। सूचना मिलने पर वहां पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन भी मौके पर पहुंच गए थे, जिन्हें निगम अमले द्वारा पूरी जानकारी दी गई। इसके अलावा निगम की अतिक्रमण शाखा टीम द्वारा शनिचरी वाल्मिकी चौक, बिलासा चौक पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान दुकान के बाहर सड़क पर जो सामान फैलाकर रखें गए थे, उन्हें हटवाया गया और जब्ती भी बनाई गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

